
खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ


हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 01 दिसंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-331



## न्यूज़ ब्रीफ

### नेपाल ने चीन के बीआरआई पर सशर्त सहमति जताई



**काठमांडू।** नेपाल ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिसिएटिव (बीआरआई) के कार्यान्वयन को लेकर सशर्त सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रेस नोट में यह जानकारी दी गई। नेपाल की विदेशमंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा ने शुक्रवार शाम चीन दौरे के दौरान चेंगदू में अपने समकक्ष वांग यी के साथ द्विपक्षीय बैठक की है। इस बैठक में बीआरआई का मुद्दा भी उठा। नेपाल ने बीआरआई के कार्यान्वयन को लेकर सशर्त सहमति दे दी। नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, बीआरआई के कार्यान्वयन के लिए ऋण की जगह अनुदान की शर्त रखी है। साथ ही करीब एक दर्जन परियोजना को बीआरआई के अंतर्गत रखकर अनुदान देने का आग्रह किया गया है। विदेश मंत्रालय के कार्यवाहक सचिव अमृत राई ने बताया कि यदि चीन नेपाल की इन शर्तों पर अपनी सहमति जताता है तो प्रधानमंत्री ओली के बीजिंग भ्रमण के समय इस पर हस्ताक्षर होने की प्रबल संभावना है।

### कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो फ्लोरिडा पहुंचे ट्रंप से मिलने



**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप से मिलने के लिए आकस्मिक यात्रा पर फ्लोरिडा पहुंचे। फ्लाइट ट्रैकर्स ने पाम बीच के रास्ते में ट्रूडो के विमान की पहचान की। यह यात्रा ट्रंप की कनाडा, मैक्सिको और चीन पर संभावित आयात शुल्क की घोषणा के बाद हुई है। प्रधानमंत्री ट्रूडो के कार्यालय ने अभी तक यात्रा की पुष्टि नहीं की है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, जस्टिन ट्रूडो शुक्रवार रात मार-ए-लागो में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप से मिलने के लिए फ्लोरिडा पहुंचे। एक अधिकारी ने कहा, ट्रूडो और ट्रंप को एक साथ भोजन करना था। ट्रूडो के साथ कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक भी थे। हालांकि ट्रंप की टीम ने शुक्रवार को उनके कार्यक्रम के बारे में कोई जानकारी जारी नहीं की। न ही टीम ने इसकी पुष्टि के अनुरोध का जवाब दिया ।

### बांग्लादेश ने कोलकाता में राष्ट्रीय ध्वज जलाने की निंदा की, भारत से राजनयिक मिशनों की सुरक्षा का आह्वान

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत के कोलकाता में अपने उप उच्चायोग के बाहर बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज को जलाने की कड़ी निंदा की है। अंतरिम सरकार ने भारत से बांग्लादेश के राजनयिक मिशनों और कर्मियों की सुरक्षा की गारंटी के लिए तत्काल कदम उठाने का भी आह्वान किया है। एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में दिख रही है लेकिन उप उच्चायोग के अधिकारियों की सुरक्षा खतरे में है। बयान के अनुसार, बांग्लादेश राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने और मुख्य सलाहकार का पुतला जलाने की शर्मनाक घटना की कड़ी निंदा करता है। विदेश मंत्रालय ने कहा, गुरुवार दोपहर कोलकाता में बांग्लादेश उप उच्चायोग के बाहर बोंगियो हिंदू जागरण नामक एक हिंदू संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। बाद में प्रदर्शनकारी हिंसक हो गए। लोग पुलिस बैरिकेड्स को तोड़कर बांग्लादेश मिशन की ओर बढ़ गए। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को आग लगा दी और बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार का पुतला जलाया। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी से समूचे भारत में आक्रोश है।

### कमला हैरिस के वीडियो पर विवादः सोशल मीडिया पर मचा हंगामा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के एक वीडियो ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रखा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कमला विवादों में आ गई हैं। विरोधियों ने वीडियो में उनके व्यवहार को लेकर सवाल उठाए हैं। सोशल मीडिया पर कुछ रिपब्लिकन नेताओं ने इसे अजीब और असहनीय करार दिया है, जबकि अन्य ने इसे सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है।

# सीरिया में आतंक! जिहादियों ने कत्लेआम किया और शहर में घुसे, कई गांव भी कब्जाए

तेहरान, 30 नवंबर (एजेंसियां)।

**जिहादियों और उनके तुर्की समर्थित विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर हमला कर दिया। कत्लेआम मचाते हुए अंदर घुस गए। कई इलाकों और गांवों पर कब्जा कर लिया। विद्रोहियों ने ईरान और रूस समर्थित सरकार की सेनाओं पर गोलीबारी की। इसे अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इसमें 255 लोग मारे गए हैं। मरने वालों में ज्यादातर लड़ाके बताए जा रहे हैं। 24 आम नागरिकों के भी मारे जाने की खबर है। एजेंसियों के मुताबिक, ज्यादातर रूस के हवाई हमले में मारे गए।**



रिपोर्ट के मुताबिक, हमला बुधवार रात शुरू हुआ। ठीक उसी दिन जिस दिन से लेबनान में हिजबुल्लाह और इजराइल की सेनाओं के बीच युद्ध विराम का ऐलान हुआ था। इस्लामी आतंकवादी समूह हयात तहरीर अल-शाम से जुड़े एक चैनल पर पोस्ट किए गए वीडियो में उनके लड़ाके शहर के अंदर वाहनों में घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। 2016 में सेना द्वारा खदेड़े जाने के बाद यह पहली बार है जब राष्ट्रपति बशर अल-असद की सेना से लड़ने वाले विद्रोही अलेप्पो तक पहुंचे हैं।

ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी के अनुसार, शुक्रवार तक जिहादियों और उनके सहयोगियों ने उत्तर में 50 से अधिक कस्बों और गांवों पर कब्जा कर लिया था। सरकार और विद्रोहियों के बीच 2011 से यह युद्ध चल रहा है। इसमें अब तक पांच लाख से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। अलेप्पो लगभग 20 लाख की आबादी वाला शहर है। गृहयुद्ध से पहले यह सीरिया का मैन्यूफैक्चरिंग हब हुआ करता था। सभी जिहादी अलकायदा से जुड़े हुए हैं। उन्होंने शहर में एक छात्रावास पर बमबारी की, जिसमें चार छात्र मारे गए। उधर, सीरियाई और रूसी विमानों ने इदलिब के आसपास के विद्रोही इलाकों पर हवाई हमले किए। ये वो इलाका है, जहां ज्यादातर जिहादी जमा हैं। इनसे निपटने के लिए सेना की अतिरिक्त टुकड़ी अलेप्पो शहर पहुंच गई है। कुछ इलाकों को इनके कब्जे से मुक्त करा लिया गया है।

## व्लादिमीर पुतिन क्यों कर रहे हैं ट्रंप की चिंता



**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीरी पुतिन ने अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जान के खतरे में होने की आशंका जता दी है। यूक्रेन पर भीषण हमले के बीच उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप कुछ करना चाहते हैं तो करें वरना हम कीव में जलजला ला देंगे। उसे रसातल में मिला देंगे। अब रूसी राष्ट्रपति के इन दोनों बयानों के मायने निकाले जा रहे हैं।

ट्रंप के बारे में पुतिन की चिंता की वजह कुछ और नहीं बल्कि अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति की नीति है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका फर्स्ट की नीति पर चलते हैं और वह युद्ध में यूक्रेन को बहुत अधिक सहायता देने के पक्ष में नहीं हैं। वह यूक्रेन को अमेरिकी सहायता अमेरिकी टैक्स पेयर के पैसे की बर्बादी बताते हैं। इससे उम्मीद की जा रही है कि ट्रंप के शासन की बागडोर संभालने के बाद यूक्रेन पर दबाव बढ़ेगा और वह रूस के साथ युद्ध को खत्म करने की किसी योजना का हिस्सा बनेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक कजाकिस्तान के दौरे पर गए रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वह अमेरिकी चुनाव प्रचार को लेकर अचंभित हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप के खिलाफ लड़ाई में पूरी तरह असभ्य तरीके अपनाए गए। यहां तक कि उनकी जान लेने की भी कोशिश हुई।

वो भी एक नहीं दो-दो बार। मेरा मानना है कि ट्रंप की जिंदगी सुरक्षित नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी इतिहास में कई घटनाएं घटी हैं लेकिन मेरा मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप समझदार हैं और मुझे लगता है कि वह खतरों के प्रति सचेत हो गए हैं।

# ट्रंप ने उड़ाई शरीफ सरकार की नींद, बज गई पाकिस्तानी सेना हेडक्वॉर्टर में खतरे की घंटी



इस्लामाबाद, 30 नवंबर (एजेंसियां)।

इस वक्त पाकिस्तानी नीति निर्माता ट्रंप की पसंद पर कड़ी नजर रख रहे हैं, जो अमेरिकी प्रशासन की भावी विदेश नीति का संकेत है। जिन नामों का ऐलान हुआ है, उससे यह स्पष्ट संदेश जाता है कि ट्रंप सरकार के लिए भारत प्राथमिकता सूची में काफी ऊपर है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान ट्रंप प्रशासन और अमेरिकी विदेश नीति की प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है। सीनेटर मार्को रुबियो को अगले अमेरिकी विदेश मंत्री के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने भारत का समर्थन करने वाला एक विधेयक पेश किया था, जिससे रावलपिंडी स्थित पाकिस्तानी सेना मुख्यालय में खतरे की घंटी बज गई थी। रुबियो की तरफ से सीनेट में पेश किए गए 'अमेरिका-भारत रक्षा सहयोग अधिनियम' में क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने की अपील की गई। विधेयक में प्रस्तावित किया गया कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के मामले में भारत को जापान, इजरायल, दक्षिण कोरिया और नाटो जैसे सहयोगियों के बराबर माना जाना चाहिए। इसमें यह भी सुझाव दिया गया कि नई दिल्ली को रक्षा, प्रौद्योगिकी, आर्थिक निवेश और नागरिक अंतरिक्ष में सहयोग के माध्यम से सुरक्षा मदद प्रदान की जानी चाहिए। रुबियो के प्रस्तावित विधेयक में विभिन्न प्रॉक्सी समूहों के जरिए भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित करने में पाकिस्तान की संलिप्तता का भी उल्लेख किया गया था। इसमें सुझाव दिया गया कि इस्लामाबाद को कोई भी अमेरिकी सुरक्षा सहायता प्रदान नहीं की जानी चाहिए। ट्रंप ने यूएस नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के महत्वपूर्ण पद के लिए तुलसी गबार्ड को नामित किया है। तुलसी ने न केवल फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद भारत का समर्थन किया था। वहीं वह इस्लामाबाद की ओर से अल-कायदा प्रमुख ओसामा बिन लादेन को पनाह देने के बारे में भी मुखर रही हैं, जिसे 2011 में एबटाबाद में अमेरिकी नौसेना के जवानों ने एक ऑपरेशन में मार गिराया था। जॉन रैटक्लिफ, जो सीआईए का नेतृत्व करेंगे, ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में काम कर चुके हैं।

# विद्रोही गुटों के खिलाफ लड़ाई में सीरियाई सरकार को जारी रहेगा समर्थन : ईरान

**तेहरान 30 :** तेहरान ने कट्टरपंथी विद्रोहियों के खिलाफ सीरियाई सरकार को अपना समर्थन जारी रखने का वादा किया है। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अपने सीरियाई समकक्ष बासम सब्बाग के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया।

ईरान के सरकारी आईआरआईबी टीवी ने बताया कि दोनों मंत्रियों ने सीरिया के नवीनतम घटनाक्रम पर चर्चा की।समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, शुक्रवार को बातचीत के दौरान, अराघची ने लेबनान और फिलिस्तीन में असफलताओं के बाद सीरिया में आतंकवादी समूहों के फिर से एक्टिव होने की निंदा की और इसे अमेरिका-इजरायल का 'प्लान' बताया।

अराघची ने कहा कि ईरान क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता की रक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सीरियाई राष्ट्र, सरकार और सेना का समर्थन करना जारी रखेगा।

वहीं सब्बाग ने कहा कि सीरियाई राष्ट्र और सरकार अपनी रक्षा के लिए पूरी कोशिश करेंगे और हमेशा की तरह आतंकवादियों और उनके समर्थकों की कोशिशों को नाकाम कर देंगे।

हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही ग्रुपी और उसके सहयोगी गुटों ने बुधवार से अलेप्पो और इदलिब प्रांतों में सीरियाई सैन्य ठिकानों पर एक बड़े पैमाने पर हमले कर रहे हैं।

इसके चलते दर्जनों लोग मारे गए हैं, जिनमें ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स का एक वरिष्ठ सदस्य भी शामिल है। विद्रोही गुप्स ने कई शहरों पर कब्ज़ा कर लिया है।


इससे पहले शुक्रवार को सीरियाई सेना ने दावा किया कि उसके बलों ने अलेप्पो और इदलिब के ग्रामीण क्षेत्रों में एचटीएस द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए हमले को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। बयान में विद्रोही ग्रुप्स को भारी नुकसान पहुंचाने और सैकड़ों आतंकवादियों के हताहत होने का दावा किया गया। एचटीएस जिसे पहले नुसरा फ्रंट के नाम से जाना जाता था, को सीरिया, रूस और कई अन्य देश आतंकवादी संगठन मानते हैं।

# खालिस्तान पर फिर मेहरबान कनाडा! आतंकी अर्श डल्ला को मिली जमानत

**नई दिल्ली 30** भारत और कनाडा के बीच बढ़ता तनाव किसी से छुपा नहीं है। एक तरफ जहां भारत कनाड़ा में खालिस्तानियों को लेकर विरोध करता रहा है तो दूसरी तरफ कनाडा देश में रह रहे खालिस्तानियों का साथ दे रहा है। अब सूत्रों के हवाले से खबर ये आ रही है कि कनाडा में अदालत ने आतंकी अर्श डल्ला को जमानत दे दी है।जानकारी के अनुसार कनाडा की एक अदालत ने पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला को 30 हजार डॉलर के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। इस मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी 2025 को होगी। खालिस्तान टाइगर फोर्स की कमान संभाल रहे अर्श डल्ला को कुछ समय पहले ही कनाडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस के उसके पास से कई हाईटेक हथियार भी मिले थे। सूत्रों के अनुसार अर्श डल्ला पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सीधे संपर्क में रहा है।सूत्रों के मुताबिक, कनाडा में 28 अक्टूबर की रात खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला को गोली लगी थी। अर्श डल्ला अपने साथी गुरजंत सिंह के साथ कार में सवार होकर हॉल्टन इलाके से गुजर रहा था। इसी दौरान कार में रखे हथियार से एक्सिडेंटल फायर हो गया था। गोली डल्ला के दाहिने हाथ में लगी थी। जिसके बाद डल्ला और गुरजंत सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। फिर उसे अरेस्ट किया गया। डल्ला ने तब पुलिस को खुद पर हुए हमले की एक फर्जी कहानी बताई थी। पुलिस ने जांच में कई खुलासे किए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, कनाडा की पुलिस ने अर्श डल्ला की कार की तलाशी ली थी। फिर रूट भी चेक किया गया था। कनाडा की पुलिस को पता चला कि अर्श डल्ला की कार रास्ते में एक घर के बाहर कुछ देर रुकी थी। उस घर के गैराज से पुलिस को कई प्रतिबंधित हथियार और कारतूस मिले हैं। जांच में पता चला कि ये सभी हथियार अर्श डल्ला के ही हैं।










खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र







Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 01 दिसंबर, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-6 | अंक-331

### कश्मीर सरकार की हठधर्मिता पर हाईकोर्ट का करारा जवाब

# कश्मीरी पंडित महिलाओं से नहीं छीन सकते विस्थापित का दर्जा

**जम्मू, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने घाटी में 1989 से शुरू हुए आतंकवादी हमलों से बचने के लिए पलायन करने वाली हिंदू महिलाओं के मामले में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि सुरक्षा कारणों से घाटी से पलायन करने वाली कोई कश्मीरी पंडित महिला अगर किसी गैर-विस्थापित से शादी करती है, तब भी उसका विस्थापित (माइग्रेंट) दर्जा खत्म नहीं होगा।

बता दें कि 1990 के दशक में जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं के खिलाफ हुए नरसंहार एवं हमलों के कारण हजारों की संख्या में कश्मीरी हिंदू घाटी छोड़कर भाग गए थे। इसके बाद समय-समय पर सरकार ने उनके लिए कई तरह के कार्यक्रम शुरू किए। साल 2009 में जम्मू-कश्मीर ने घाटी छोड़ने वाले ङ्कप्रवासियोंफ के लिए विशेष नौकरियों की घोषणा की थी, ताकि वे कश्मीर में वापस लौट सकें।

इस मामले में दो कश्मीरी पंडित महिलाओं ने इस योजना के तहत नौकरी के लिए आवेदन किया था। यह आवेदन राज्य के आपदा प्रबंधन, राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण विभाग में कानूनी सहायकों के पद के लिए था। इन दोनों महिलाओं को चुन लिया गया, लेकिन अंतिम चयन सूची




## हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया प्रदेश सरकार का फैसला

## बाहरी से शादी करने पर भी बना रहेगा माइग्रेंट दर्जा

से उनका नाम हटा दिया गया। इसके लिए तर्क दिया गया कि दोनों महिलाओं ने गैर-प्रवासियों से शादी की थी।

राज्य सरकार ने तर्क दिया कि महिलाओं ने इस तथ्य का खुलासा नहीं किया था कि शादी के कारण उनकी विस्थापित वाली स्थिति बदल गई है।

हालांकि, महिलाओं ने कहा कि विस्थापित के रूप में उनकी स्थिति बरकरार रहनी चाहिए। दोनों महिलाओं ने सरकार के निर्णय को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण में चुनौती दी। न्यायाधिकरण ने राज्य सरकार को दोनों महिलाओं को नियुक्त करने के लिए कहा।

इसके बाद जम्मू-कश्मीर सरकार ने न्यायाधिकरण के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की। न्यायाधिकरण के फैसले को बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि शादी करने से महिलाओं के विस्थापित दर्जे में कोई बदलाव नहीं हुआ है। विवाह की स्थिति का खुलासा नहीं करने का तर्क कोई महत्व नहीं रखता है, क्योंकि नौकरी के विज्ञापन नोटिस में इस आधार पर उम्मीदवारी रद्द करने का प्रावधान नहीं था।

गैर-विस्थापित से शादी के बाद विस्थापित का दर्जा खत्म होने या बरकरार रहने को लेकर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति मोहम्मद यूसुफ वानी की खंडपीठ ने सुनवाई की। खंडपीठ ने 11 नवंबर को दिए अपने फैसले में कहा, यहां प्रतिवादी महिलाएं हैं और उन्हें बिना किसी गलती के कश्मीर घाटी में अपना मूल निवास स्थान छोड़ना पड़ा था। हाईकोर्ट ने कहा, उनसे (कश्मीरी महिलाओं से) यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे केवल विस्थापित के रूप में कश्मीर घाटी में नौकरी पाने के लिए अविवाहित रहेंगी। विस्थापन के कारण हर कश्मीरी महिला को कश्मीरी जीवनसाथी नहीं मिल पाया होगा। ऐसी स्थिति में यह मान लेना कि महिला विस्थापित के रूप में अपना दर्जा खो देगी, यह घोर भेदभावपूर्ण और न्याय की अवधारणा के विरुद्ध होगा।

हाईकोर्ट ने कहा कि यह भेदभाव और बढ़ जाता है, क्योंकि एक पुरुष अगर गैर-विस्थापित से विवाह करता है तो वह विस्थापित बना रहता है। खंडपीठ ने कहा, ऐसी स्थिति केवल मानव जाति में व्याप्त पितृसत्ता के कारण उत्पन्न हुई है।

राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के तहत रोजगार से संबंधित मामलों में ऐसा भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अदालत ने दोनों महिलाओं को चार हफ्ते में नियुक्त करने के लिए कहा है।

### रोहिंग्याओं की घुसपैठ करने वाला सरगना गिरफ्तार

# देवबंद से जुड़ा है रोहिंग्या घुसपैठियों का नेटवर्क

### ज्ञानवापी समेत वक्फ के दावा स्थलों की कर रहा था रेकी

### वक्फ बोर्ड के लिए भी काम कर रहा है मोहम्मद अब्दुल्ला

**वाराणसी, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश आतंकवादी निरोधक दस्ते (एटीएस) ने शुक्रवार 29 नवंबर को वाराणसी से म्यांमार के रोहिंग्या घुसपैठियों के सरगना मोहम्मद अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर लिया। यह व्यक्ति न केवल भारत में घुसपैठ करवाने में शामिल था, बल्कि वाराणसी में ज्ञानवापी सहित चार मस्जिदों की रेकी कर चुका था। अब्दुल्ला ने भारतीय पहचान के लिए फर्जी दस्तावेज बनवा रखे थे, जिनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर कार्ड शामिल हैं।

अब्दुल्ला पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले के दुर्गबनकटी इलाके में रह रहा था। गुरुवार 28 नवंबर को वह ट्रेन से वाराणसी पहुंचा और शहर के विभिन्न स्थानों पर घूमता रहा। उसने वक्फ बोर्ड के मामलों पर जानकारी जुटाने के लिए उदय प्रताप कॉलेज का दौरा किया और दालमंडी समेत तीन मस्जिदों का निरीक्षण किया। शुक्रवार को वह ज्ञानवापी पहुंचा और वहां के लोगों से संपर्क साधता रहा।

एटीएस को उसकी संदिग्ध गतिविधियों का पता चला। एटीएस की टीम ने उसे वाराणसी कैंट स्टेशन से उस ऐन मौके पर गिरफ्तार किया, जब वह पश्चिम बंगाल लौटने के लिए ट्रेन पकड़ने वाला था। म्यांमार का



रोहिंग्या मुसलमान मोहम्मद अब्दुल्ला बांग्लादेश और म्यांमार के घुसपैठियों को भारतीय सीमा पार कराने में मदद करता था। मोहम्मद अब्दुल्ला ने अब्दुल सलाम मंडल नाम से भारतीय पहचान पत्र भी बनवा रखा था। उसके पास मिले पहचान पत्रों में आधार, पैन और वोटर कार्ड भी शामिल हैं।

पूछताछ में अब्दुल्ला ने यह स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के रास्ते भारत में घुसपैठ करवाने में मदद करता है। वह म्यांमार के अकयाब जिले के मांगडू का निवासी है। फिलहाल उसने अपना घर पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जनपद स्थित दुर्गबनकटी में बनवा लिया है। अब्दुल्ला तमाम फर्जी कागजातों के सहारे साल 2018 से मेदिनीपुर में रह रहा था। वहां उसे असद भी कहा जाने लगा। इसी दौरान उसने वहां निकाह भी कर लिया था।

▶10पर

## बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का नेता कोलकाता में गिरफ्तार

**कोलकाता, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश में भारत की कट्टर विरोधी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का नेता कोलकाता में पकड़ा गया। कोलकाता में वह संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त था। खुफिया एजेंसियां उसके इरादे और उसकी गतिविधियों की छानबीन कर रही हैं। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बांग्लादेश में सक्रिय राजनीतिक पार्टी है। भारत विरोधी स्टैंड रखने वाली खालिदा जिया इसी पार्टी की नेता हैं। बांग्लादेश में जारी वर्तमान उथल-पुथल में बीएनपी का बड़ा हाथ है।

कोलकाता में पकड़े गए बीएनपी नेता सेलिम मट्टुब्बर के पास कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। उसे एक होटल से गिरफ्तार किया गया। होटल में रहने के लिए उसने फर्जी कागजात दिखाए थे। सेलिम मट्टुब्बर के खिलाफ पुलिस ने फॉरेनर्स एक्ट और धोखाधड़ी से संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने सेलिम मट्टुब्बर के पास से रवि शर्मा के नाम का फर्जी आधार कार्ड ▶10पर

## टीएमसी नेता का पति सैन्य दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार



**दार्जिलिंग, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** भारतीय सेना और पश्चिम बंगाल पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले से एक व्यक्ति को सेना के संवेदनशील

### 17 करोड़ का रेडियो एक्टिव पदार्थ भी बरामद

और गोपनीय दस्तावेजों के साथ गिरफ्तार किया है। इस व्यक्ति के पास सेना अनुसंधान एवं विकास संस्थान (डीआरडीओ) से जुड़े गोपनीय दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस को उसके पास से भारी मात्रा में रेडियोधर्मी पदार्थ भी मिले हैं।

पकड़ा गया व्यक्ति नक्सलबाड़ी पंचायत समिति की टीएमसी नेता अमृता एक्का का पति फ्रैंकिस एक्का है। उसे 26 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। ▶10पर

### महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को बनेगी नई सरकार

# महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री को लेकर संशय बरकरार

**मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के चेहरे को लगातार संशय बना हुआ है। एमवीए और महायुति में वार-पलटवार भी जारी है। मगर यह साफ नहीं हो पा रहा आखिरकार यह गद्दी मिलेगी किसे। मगर, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को संकेत दिया है कि देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग सकती है। उनका कहना है कि महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को महायुति गठबंधन की नई सरकार बनेगी और देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं।



महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिव-सेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के गठबंधन महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। भाजपा 132 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी जबकि शिवसेना ने 57 और एनसीपी ने 41 सीट जीतीं। हालांकि, 23 नवंबर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद भी इस बात पर कोई फैसला नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। शिंदे, फडणवीस और पवार ने महाराष्ट्र में अगली सरकार बनाने को लेकर समझौते पर बातचीत करने के लिए गुरुवार देर रात भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना होने के बाद शुक्रवार को होने वाली महायुति की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई, जो अब यह संभवतः रविवार को होगी। भाजपा नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि नई सरकार का शपथ ग्रहण पांच दिसंबर को होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता फडणवीस मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। हालांकि, अब तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है कि भाजपा विधायक दल अपना नया नेता चुनने के लिए बैठक कब करेगा। शिंदे ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अगले मुख्यमंत्री के संबंध में भाजपा नेतृत्व के निर्णय का पूरा समर्थन करेंगे और इस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेंगे। वहीं अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने मुख्यमंत्री पद के लिए फडणवीस का समर्थन किया है।

### पांच मंत्रालय में से चार अपने पास रखना चाहती है भाजपा

**मुंबई, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र में सरकार गठन से पहले महायुति में विभागों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन पा रही है। गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर बृहस्पतिवार देररात तीन घंटे चली बैठक में भी विभाग बंटवारे के फार्मूले पर सहमति नहीं बन पाई। इसके बाद महायुति के नेताओं को मुंबई में विभागों के बंटवारे पर सहमति बना कर दिल्ली आने के लिए कहा गया है। हालांकि बैठक में शाह ने देवेंद्र फडणवीस को सीएम बनाने का संकेत जरूर दिया है। अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महायुति के नेताओं कार्यवाहक सीएम शिंदे, अजीत पवार ▶10पर

### दिल्ली में सिलसिलेवार बम विस्फोट का मामला

# धमाकों के जरिए दिया जा रहा है बड़ा संदेश



### बम में ब्लीचिंग पाउडर और दूसरे रसायनों का इस्तेमाल

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** दिल्ली के प्रशांत विहार में बंसीवाला स्वीट्स और सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके की जांच में पता चला हुआ कि विस्फोट के लिए बेंजोइल पेरोक्साइड यानी ब्लीचिंग पाउडर और अन्य रसायनों का इस्तेमाल किया गया था। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि 40 दिनों में दो धमाके करके कोई संदेश देने की कोशिश की गई है। महज शरारत करने के लिए इतनी मेहनत से बम नहीं तैयार किया जा सकता। इन धमाकों के पीछे किसी आतंकी संगठन का हाथ हो सकता है। वे धमाका कर एजेंसियों को संदेश देना चाहते हैं कि हम बहुत कुछ कर सकते हैं। विस्फोटक को इस तरह से बनाया गया है जिससे लोगों में डर पैदा हो। विस्फोटक में जिस केमिकल या पाउडर आदि का उपयोग किया गया है, वह बाजार में आसानी से उपलब्ध हैं। पहले सीआरपीएफ स्कूल की दीवार पर धमाका किया। फिर कुछ मीटर की दूरी पर क्राइम ब्रांच के कार्यालय के सामने धमाका हुआ।

विस्फोट कराने के लिए ब्लीचिंग पाउडर के साथ कुछ और रसायन भी मिलाए गए थे। इसका मतलब स्पष्ट है कि बम प्लांट करने वाले को बम बनाने के तरीके पता हैं। लैब के अफसरों के अनुसार बेंजोइल पेरोक्साइड बम धमाकों के लिए इस्तेमाल नहीं होता। मौके से पुलिस को बम धमाके के लिए इस्तेमाल करने वाली कोई डिवाइस आदि नहीं मिली है। सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाके की जांच प्रशांत विहार थाना पुलिस कर रही है। ▶10पर

### बहराइच पर अखिलेश यादव की चुप्पी, संभल पर रुदाली!

## मारे गए दंगाइयों के परिजनों को देंगे पांच-पांच लाख



**लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** बहराइच में मुस्लिम उपद्रवियों के हाथों मारे गए हिंदू युवक और फैलाई गई हिंसा पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने

### संभल की आग में घी डालने की ओछी सियासत जारी

शातिराना चुप्पी साधे रखी। उस घटना में मारे गए युवक के परिजन को आर्थिक मदद देने की आवश्यकता अखिलेश यादव को महसूस नहीं हुई। लेकिन संभल में मारे गए पांच दंगाइयों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद देने के लिए अखि-लेश यादव फौरन उमक पड़े। अखिलेश यादव ने पांच दंगाइयों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक ▶10पर

## कार्टून कॉर्नर




## मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $27^0$
न्यूनतम : $22^0$

### दरगाह के बाद गरमाया ‘ढाई दिन का झोपड़ा’

# नमाज पर पाबंदी लगाने की मांग

**अजमेर, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह का मुद्दा अभी ठंडा नहीं हुआ था कि एक और मुद्दे ने तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। इस बार मामला ढाई दिन के झोपड़े को लेकर उठा है। यहां नमाज पर पाबंदी लगाने की मांग की जा रही है।

देश की सबसे प्राचीन मस्जिदों में से एक अढ़ाई दिन का झोपड़ा के पीछे ढेर सारे विवाद हैं। इस बार विवाद नमाज को लेकर है। दरअसल, पिछले दिनों से हिंदू और जैन




संत यहां आकर जबरन नमाज पढ़ने का विरोध जता चुके हैं। क्योंकि यहां के गर्भगृह और बाहर की दिवारों के खंभों पर साफ-साफ हिंदू-जैन मंदिर शैली में देखे जा सकते हैं।

साल की शुरुआत में जब एक जैन साधु अढ़ाई दिन के झोपड़े को देखने जा रहे थे। तब उनको मुस्लिम के लोगों ने रोक दिया। इसके बाद विवाद बढ़ा, क्योंकि अढ़ाई दिन का झोपड़ा एक पर्यटन स्थल है, जिसकी देखरेख की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व विभाग की है। इस घटना के बाद अजमेर सहित देश भर के जैन समुदाय ने प्रशासन के सामने अपत्ति दर्ज कराई थी। अढ़ाई दिन का झोपड़ा 1192 ईंस्वीं में अफगान सेनापति मोहम्मद गोरी के आदेश पर कुतुबुद्दीन ऐबक ने बनवाया था। असल में इस जगह पर एक बहुत बड़ा संस्कृत विद्यालय (स्कूल) और मंदिर था, जिन्हें तोड़कर मस्जिद में बदल दिया गया था। अढ़ाई दिन के झोपड़े के मुख्य द्वार के बाईं ओर संगमरमर का बना एक शिलालेख भी है, जिसपर संस्कृत में उस विद्यालय का जिक्र किया गया है। ▶10पर

## दरगाह मामले के वादी का सिर कलम करने की धमकी

**अजमेर, 30 नवंबर (एजेंसियां)।** अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर मामले में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। विष्णु गुप्ता को यह धमकी कनाडा, दुबई और भारत से मिली है। धमकी देने वाले ने फोन पर कहा, तेरा सिर कलम कर दिया जाएगा, गर्दन काट दी जाएगी। तूने अजमेर दरगाह का केस फाइल करके बहुत बड़ी गलती कर दी। विष्णु गुप्ता को अलग-अलग नंबरों से धमकी दी गई। इनमें से एक कॉल कनाडा, दूसरी दुबई और तीसरी कॉल भारत से आई। कॉलर ने खुद को कनाडा और दुबई से होने का दावा किया। धमकी भरे फोन कॉल के बाद गुप्ता ने तुरंत ▶10पर

# मलमास का आरंभ 15 से

## एक महीने तक नहीं होंगे शादी-विवाह



सूर्य सिद्धांत की मान्यता और पंचांग की गणना से देखें तो 15 दिसंबर से मलमास का आरंभ होगा। धर्मशास्त्र की मान्यता के अनुसार मलमास में शुभ मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं, इसलिए 15 जनवरी मकर संक्रांति तक विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। मलमास में एक माह भागवत पारायण, तीर्थाटन व स्नान दान का विशेष महत्व बताया है।

ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाला ने बताया कि 15 दिसंबर से सूर्य की धनु संक्रांति आरंभ होगी। सूर्य की धनु संक्रांति का अर्थ है सूर्य का धनु राशि में प्रवेश करना। सूर्य का धनु राशि में परिभ्रमण एक माह रहता है, इसी एक माह को खरमास या मलमास की संज्ञा दी जाती हैश्र

मुहूर्त चिंतामणि आदि ग्रंथों की गणना करें तो सूर्य का धनु तथा मीन राशि में प्रवेश मलमास कहा जाता है। धनु और मीन राशि के स्वामी बृहस्पति हैं। पौराणिक गणना के अनुसार देखें तो ग्रह सिद्धांतों में या ग्रहों के परिभ्रमण में किस ग्रह के किस राशि में गोचर करने से कौन से त्योहार, पर्व, कुंभ, अर्ध कुंभ या लघु कुंभ की स्थिति बनती है। इस दृष्टि से धनु मास की संक्रांति धर्म की वृद्धि करने के लिए बताई जाती है।

अग्नि पुराण के मूल ग्रंथों में इसका उल्लेख अलग-अलग प्रकार से बताया गया है। इस दौरान तीर्थाटन या तीर्थ स्नान और अपने ईष्ट अर्थात जिसके हम साधना पूजन पाठ करते हैं, उनके निमित्त विशिष्ट साधना का अनुक्रम साधना चाहिए। यह करने से वर्ष पर्यंत आध्यात्मिक उपलब्धि होती है।

### विवाह, यज्ञोपवित, गृह प्रवेश आदि नहीं हो सकेंगे

सूर्य की धनु संक्रांति आरंभ होते से ही विवाह, यज्ञोपवीत, गृह प्रवेश, प्राण प्रतिष्ठा आदि कार्य वर्जित माने जाते हैं। इस दौरान तीर्थ की यात्रा, तीर्थ पर पूजन या कल्पवास की स्थिति को तय करना चाहिए। सामान्य गृहस्थ के लिए 7 दिन से लेकर के 42 दिन तक का कल्पवास होता है। इस दौरान सत्संग, कथा श्रवण, भगवत भजन और दान आदि करने चाहिए।

### 16 जनवरी से आरंभ होंगे विवाह आदि शुभ कार्य

सूर्य का धनु राशि को छोड़कर के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति होगी। मकर में सूर्य के प्रवेश करते ही सूर्य का उत्तरायण माना जाता है और सूर्य के उत्तरायण से ही विवाह कार्य की दोबारा शुरुआत हो जाती है।

6 माह का उत्तरायण काल, उत्तरायण का समय अलग-अलग प्रकार के धार्मिक मांगलिक कार्यों का विशेष माना जाता है। इस समय में धर्म और पुण्य से जुड़े विशिष्ट कार्य किए जाते हैं। 16 जनवरी से दोबारा विवाह की शुरुआत हो जाएगी।

### 16 जनवरी से 6 मार्च तक विवाह के 12 विशेष मुहूर्त

जनवरी 16, 17, 21, 22

फरवरी 7, 13, 18, 20, 21, 25

मार्च 5, 6

### 14 मार्च से 14 अप्रैल तक दोबारा मीन मास की संक्रांति

14 मार्च के बाद में मीन संक्रांति आरंभ होगी यह भी मलमास की श्रेणी में आता है। 14 मार्च से 14 अप्रैल के मध्य अलग-अलग प्रकार के साधना उपासना का अनुक्रम रहेगा। 14 अप्रैल के बाद दोबारा मांगलिक कार्य की रूपरेखा शुरू होगी।

## दिसंबर में लगेंगे पंचक, शुभ कार्यों की होगी मनाही

हिंदू धर्म में पंचक को शुभ नहीं माना जाता है। पंचक यानी 5 दिन। इन पांच दिनों में कोई शुभ कार्य फलीभूत नहीं होता है। इसलिए यह पता होना जरूरी है कि पंचक कब से लग रहे हैं और कब तक रहेंगे।

इंदौर के ज्योषाचार्य पं. हर्षित मोहन शर्मा के अनुसार, दिसंबर के दूसरे हफ्ते में पंचक रहेंगे। इनकी शुरुआत 7 दिसंबर को सुबह 5 बजकर 4 मिनट से होगी। 11 दिसंबर को सुबह 11 बजकर 48 मिनट पर पंचक खत्म होगा। इसी दौरान 8 दिसंबर को भद्रा काल भी रहेगा।

**पंचक क्या होते हैं**

पं. हर्षित मोहन शर्मा ने बताया कि हर 27 दिन बाद ग्रहों की दशा के कारण पंचक लगते हैं। जब चंद्र देव, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्व भाद्रपद, उत्तरा भाद्रपद और रेवती नक्षत्र में विचरण करते हैं, तब इस स्थिति को ज्योतिष विज्ञान में पंचक कहा जाता है।

पंचक की अवधि पांच दिन की होती है। इस दौरान हर व्यक्ति को बहुत संभलकर रहना चाहिए। किसी तरह का शुभ कार्य नहीं करना चाहिए।

**पंचक में क्या नहीं करना चाहिए**

मान्यताओं के अनुसार, इन पांच दिन की अवधि में कोई शुभ कार्य जैसे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, नवजात शिशुओं से जुड़े कोई भी संस्कार जैसे अन्नप्राशन आदि नहीं करना चाहिए।

इन पांच दिनों में किसी नए काम की शुरुआत नहीं करना चाहिए। यदि प्रॉपर्टी खरीदने या बेचने की प्लानिंग है, तो भी पांच दिन बात के लिए टाल देना चाहिए।

किसी तरह का पैसों का बड़ा लेन-देन नहीं करना चाहिए। यदि बिजनेस करते हैं तो कई भी बड़ी डील करने से बचें। लाभ होने के स्थान पर उल्टा नुकसान हो सकता है।



**पंचक में यात्रा करना पड़े हो क्या करें**

पंचक के दौरान यात्रा करने से भी बचना चाहिए। खासतौर पर दक्षिण दिशा की ओर यात्रा नहीं करना चाहिए। मान्यता है कि ऐसी यात्रा को कोई अच्छा परिणाम नहीं निकलता है, बल्कि उल्टा नुकसान होने की आशंका है।

यदि किसी कारणवश दक्षिण दिशा की ओर यात्रा करना पड़े, तो यात्रा शुरू करने से पहले कुछ कदम उल्टा चलें। इसके बाद पलटकर दक्षिण का रुख करें।

यात्रा करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। वाहन संभलकर चलाएं। किसी अंजान पर भरोसा न करें। किसी को बड़ी धनराशि उधार न दें। अपने पार्टनर पर भी नजर रखें।

# क्यों 12 साल बाद लगता है महाकुंभ कैसे तय होती है इसकी तारीख ?

महाकुंभ मेले का सनातन धर्म में बड़ा धार्मिक महत्व है, जो इस बार 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने जा रहा है। यह मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है। इसमें लोग दूर-दूर से भाग लेने के लिए आते हैं। बता दें, महाकुंभ मेला 12 सालों में एक बार आयोजित किया जाता है। इस दौरान करोड़ों श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम तट पर स्नान करने के लिए आते हैं। कहा जाता है कि इसमें एक बार स्नान करने से भक्तों के सभी पापों का नाश हो जाता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### प्रयागराज के साथ इन स्थानों में लगता है महाकुंभ

प्रयागराज का इतिहास प्राचीन काल से चला आ रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, कुंभ मेले का संबंध समुद्र मंथन से है। कहते हैं कि देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया था। तब जाकर अमृत का कलश प्राप्त हुआ था। ऐसा माना जाता है कि उस अमृत कलश से कुछ बूंदें




पृथ्वी पर चार पवित्र स्थानों यानी प्रयागराज, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में गिरी थीं। यही वजह है कि सिर्फ इन्हीं दिव्य स्थानों में कुंभ मेला लगता है।

**यह भी है एक कारण**

शास्त्रों में प्रयागराज को तीर्थ राज या 'तीर्थ स्थलों का राजा' भी कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि पहला यज्ञ ब्रह्मा जी द्वारा यहीं किया गया था। महाभारत समेत विभिन्न पुराणों में इसे धार्मिक प्रथाओं के लिए जाना जाने वाला एक पवित्र स्थल माना गया है।

**इसलिए 12 साल बाद लगता है महाकुंभ**

ऐसा कहा जाता है कि देवताओं और असुरों के बीच अमृत पाने को लेकर लगभग 12 दिनों तक लड़ाई चली थी। इसके साथ ही यह भी कहा जाता है कि देवताओं के बारह दिन मनुष्य के बारह सालों के समान होते हैं। यही वजह है कि12 साल बाद महाकुंभ लगता है।

**ऐसे तय होती है दिनांक**

इसके अलावा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, एक कारण यह भी है कि जब बृहस्पति ग्रह, वृषभ राशि में हों और इस दौरान सूर्य देव मकर राशि में आते हैं, तो कुंभ मेले का आयोजन प्रयागराज में होता है। ऐसे ही जब गुरु बृहस्पति, कुंभ राशि में हों और उस दौरान सूर्य देव मेष राशि में गोचर करते हैं, तब कुंभ हरिद्वार में आयोजित किया जाता है। इसके साथ ही जब सूर्य और बृहस्पति सिंह राशि में विराजमान हो, तो महाकुंभ नासिक में आयोजित किया जाता है। वहीं, जब ग्रह बृहस्पति सिंह राशि में हों और सूर्य मेष राशि में हों, तो कुंभ का मेला उज्जैन में लगता है।

# मोक्षदा एकादशी पर श्री हरि को लगाएं यह भोग, समृद्धि से भर जाएगा घर



मोक्षदा एकादशी का हिंदुओं के बीच बहुत बड़ा महत्व है। यह दिन पूरी तरह से भगवान विष्णु को समर्पित है। मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की 11वीं तिथि को मोक्षदा एकादशी मनाई जाती है। इस साल यह एकादशी 11 दिसंबर को मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता है कि इस दिन का उपवास रखने और पूजा करने से श्री हरि प्रसन्न होते हैं। साथ ही सभी पापों का नाश होता है। वहीं, अगर इस पावन तिथि पर श्री हरि को उनका प्रिय भोग अर्पित किया जाए, तो जीवन में खुशहाली आती है, तो चलिए जानते हैं कि विष्णु जी कौन सा भोग प्रिय है?

**मोक्षदा एकादशी 2024 शुभ मुहूर्त**

हिंदू पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की मोक्षदा एकादशी तिथि 11 दिसंबर को देर रात 03 बजकर 42 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 12 दिसंबर को देर रात्रि 01 बजकर 09 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए मोक्षदा एकादशी का व्रत 11 दिसंबर को रखा जाएगा। वहीं, इसका पारण 12 दिसंबर को सुबह 07 बजकर 05 मिनट से लेकर 09 बजकर 09 मिनट के बीच किया जा सकता है।

**मोक्षदा एकादशी भोग**

एकादशी के मौके पर भगवान विष्णु को केला , धनिया की पंजीरी, पंचामृत, पीले रंग की मिठाई, गुड़, मुनक्का और चना, मखाने की खीर, केसर की खीर आदि चीजों का भोग लगा सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि श्री हरि को इन चीजों का भोग लगाने से वे बहुत प्रसन्न होते हैं और सभी इच्छाओं की पूर्ति करते हैं।

हालांकि भोग लगाते समय इस बात का ध्यान रखें कि गरीबों में भी प्रसाद का वितरण करें। इससे उस प्रसाद को श्री हरि तुरंत स्वीकार कर लेते हैं। वहीं, इस दौरान तामसिक चीजों से दूरी बनाए रखनी चाहिए।

**भोग लगाते समय करें इस मंत्र का जाप**

मोक्षदा एकादशी के दिन श्री हरि को प्रसाद अर्पित करते समय इस मंत्र 'त्वदीयं वस्तु गोविन्द तुभ्यमेव समर्पये। गृहाण सम्मुखो भूत्वा प्रसीद परमेश्वर' का जाप करें। इससे भगवान तुरंत भोग स्वीकार कर लेते हैं। साथ ही प्रसन्न होकर सुख और शांति का आशीर्वाद प्रदान करें।

## मार्गशीर्ष अमावस्या पर करें मां तुलसी की पूजा, पितृ होंगे प्रसन्न



हिंदुओं में अमावस्या तिथि का अपना एक विशेष महत्व है। इसे मृगशिरा नक्षत्र से सम्बंधित होने के कारण इस अमावस्या को मृगशिरा अमावस्या भी कहा जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, अमावस्या मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष के 15वें दिन पड़ती है। इस साल यह 1 दिसंबर 2024 दिन रविवार, 2024 को मनाई जाएगी। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन पूजा-पाठ व दान-पुण्य करना बहुत ही शुभ माना जाता है।

वहीं, इस तिथि पर तुलसी चालीसा का पाठ करना भी बहुत ही शुभ माना जाता है। कहते हैं कि इससे घर में बरकत बनी रहती है और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**।।तुलसी चालीसा।।**

श्री तुलसी महारानी, करूं विनय सिरनाय।
जो मम हो संकट विकट, दीजै मात नशाय।।
नमो नमो तुलसी महारानी, महिमा अमित न जाय बखानी।
दियो विष्णु तुमको सनमाना, जग में छायो सुयश महाना।।
विष्णुप्रिया जय जयतिभवानि, तिहूँ लोक की हो सुखखानी।
भगवत पूजा कर जो कोई, बिना तुम्हारे सफल न होई।।
जिन घर तव नहिं होय निवासा, उस पर करहिं विष्णु नहिं बासा।
करे सदा जो तव नित सुमिरन, तेहिके काज होय सब पूरन।।
कातिक मास महात्म तुम्हारा, ताको जानत सब संसारा।
तव पूजन जो करैं कुंवारी, पावै सुन्दर वर सुकुमारी।।
कर जो पूजन नितप्रति नारी, सुख सम्पत्ति से होय सुखारी।
वृद्धा नारी करै जो पूजन, मिले भक्ति होवै पुलकित मन।।
श्रद्धा से पूजै जो कोई, भवनिधि से तर जावै सोई।
कथा भागवत यज्ञ करावै, तुम बिन नहीं सफलता पावै।।
छायो तब प्रताप जगभारी, ध्यावत तुमहिं सकल चितधारी।
तुम्हीं मात यंत्रन तंत्रन, सकल काज सिधि होवै क्षण में।।
औषधि रूप आप हो माता, सब जग में तव यश विख्याता,
देव रिषी मुनि औ तपधारी, करत सदा तव जय जयकारी।।
वेद पुरानन तव यश गाया, महिमा अगम पार नहिं पाया।
नमो नमो जै जै सुखकारनि, नमो नमो जै दुखनिवारनि।।
नमो नमो सुखसम्पति देनी, नमो नमो अघ काटन छेनी।
नमो नमो भक्तन दुःख हरनी, नमो नमो दुष्टन मद छेनी।।
नमो नमो भव पार उतारनि, नमो नमो परलोक सुधारनि।
नमो नमो निज भक्त उबारनि, नमो नमो जनकाज संवारनि।।
नमो नमो जय कुमति नशावनि, नमो नमो सुख उपजावनि।
जयति जयति जय तुलसीमाई, ध्याऊँ तुमको शीश नवाई।।
निजजन जानि मोहि अपनाओ, बिगड़े कारज आप बनाओ।
करूँ विनय मैं मात तुम्हारी, पूरण आशा करहु हमारी।।
शरण चरण कर जोरि मनाऊं, निशदिन तेरे ही गुण गाऊं।
क्रहु मात यह अब मोपर दाया, निर्मल होय सकल ममकाया।।
मंगू मात यह बर दीजै, सकल मनोरथ पूर्ण कीजै।
जनूं नहिं कुछ नेम अचारा, छमहु मात अपराध हमारा।।
बरह मास करै जो पूजा, ता सम जग में और न दूजा।
प्रथमहि गंगाजल मंगवावे, फिर सुन्दर स्नान करावे।।
चन्दन अक्षत पुष्प् चढ़ावे, धूप दीप नैवेद्य लगावे।
करे आचमन गंगा जल से, ध्यान करे हृदय निर्मल से।।
पाठ करे फिर चालीसा की, अस्तुति करे मात तुलसा की।
यह विधि पूजा करे हमेशा, ताके तन नहिं रहै क्लेशा।।
करै मास कार्तिक का साधन, सोवे नित पवित्र सिध हुई जाहीं।
है यह कथा महा सुखदाई, पढ़े सुने सो भव तर जाई।।
तुलसी मैया तुम कल्याणी, तुम्हरी महिमा सब जग जानी।
भाव ना तुझे माँ नित नित ध्यावे, गा गाकर मां तुझे रिझावे।।
यह श्रीतुलसी चालीसा पाठ करे जो कोय।
गोविन्द सो फल पावही जो मन इच्छा होय।।

# पुष्पा 2 के गाने पीलिंग्स का प्रोमो जारी

## नजर आ रहा पुष्पराज और श्रीवल्ली का रोमांटिक अंदाज




पुष्पा 2: द रूल के मेकर्स ने फिल्म के नए गाने पीलिंग्स का प्रोमो रिलीज किया है। निर्देशक सुकुमार के मशहूर सामी सामी की तर्ज पर अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर इस गाने की बीट भी हाई एनर्जी वाली हैं। प्रोमो से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गाने में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फायर केमिस्ट्री देखने को मिलेगी।कोच्चि में हुए ग्रैंड इवेंट के दौरान प्रोमो की झलक दिखाई गई। अल्लू अर्जुन हमेशा अपने हाई एनर्जी डांस मूव्स के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने गाने का लेकर अपना एक्साइटमेंट दिखाया और सोशल मीडिया पर प्रोमो शेयर करते हुए लिखा, पुष्पा के किरदार के कारण, मैं पुष्पा 1 में ज्यादा डांस नहीं कर पाया लेकिन फैंस पुराने बनी को वापस मांग कर रहे हैं लेकिन आई प्रॉमिस ये गाना धमाकेदार होगा। प्रोमो में रश्मिका मंदाना भी चमक रही हैं, और अल्लू अर्जुन ने मजाक में कहा कि गाने में उनके हाई एनर्जी डांस को देखने के बाद फैंस उन्हें क्रश-मिका कहेंगे।उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि फिल्म के सभी 6 वर्जन में गाने की हुक लाइन मलयालम में होगी, जो केरल के फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज है। यह केरल के लिए प्यार दिखाने का मेरा तरीका है। गाने में हुक पार्ट तीन बार आएगा और यह दुनिया भर में मलयालम छा जाएगी। बता दें पूरा गाना 1 दिसंबर को रिलीज होगा।पुष्पा 2: द रूल का प्रमोश टूर पूरे जोरों पर है जिसके लिए पूरी टीम कई बड़े शहरों के दौरे पर है जिसमें पटना, बेंगलोर, चेन्नई, कोलकाता, कोच्चि, मुंबई और हैदराबाद शामिल हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग भारत में 30 नवंबर को शुरू होगी, जबकि अमेरिका में प्री-सेल्स पहले से ही जोर पकड़ रही है। पुष्पा: द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जिसमें अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल लीड रोल में हैं।

# राशि खन्ना आईएमडीबी की लोकप्रिय भारतीय सेलिब्रिटी की साप्ताहिक लिस्ट में बनाई अपनी जगह

राशि खन्ना ने इस सप्ताह आईएमडीबी की ट्रेंडिंग सूची में स्थान हासिल करके एक बार फिर अपना पैन इंडिया स्टारडम साबित किया है। यह प्रतिष्ठित फीचर वैश्विक स्तर पर धूम मचाने वाले भारतीय सितारों को उजागर करता है, जो अभिनेताओं, निर्देशकों, लेखकों और अन्य को उनके प्रभाव और अपील के लिए मान्यता देती हैं। राशि का सूची में शामिल होना उनकी बढ़ती लोकप्रियता और दर्शकों से मिली प्रशंसा को दर्शाता है। उन्होंने हाल ही में द साबरमती रिपोर्ट में निडर पत्रकार अमृता गिल की भूमिका निभाते हुए एक शक्तिशाली प्रदर्शन किया।

राशी के दिलचस्प चित्रण को दर्शकों और आलोचकों से व्यापक प्रशंसा मिली, जिससे एक बहुमुखी कलाकार के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हो गई।विक्रांत मैसी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए, जिन्होंने एक पत्रकार की भूमिका भी निभाई, उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री ने फिल्म की मनोरंजक कहानी में गहराई जोड़ दी। गोधरा के पास साबरमती एक्सप्रेस घटना के आसपास की दुखद घटनाओं पर आधारित, यह फिल्म इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय पर प्रकाश डालती है, जिसमें राशी का प्रदर्शन एक आकर्षण के रूप में सामने आता है। इसके अलावा राशि अपनी आगामी फिल्म तलाखों में एक में विक्रांत मैसी के साथ फिर से जुड़ने के लिए तैयार है, जो एक और आकर्षक सहयोग होने का वादा करती है।इसके अतिरिक्त, वह अपनी तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा की रिलीज के लिए तैयारी कर रही हैं। आईएमडीबी की ट्रेंडिंग सूची में राशी की उपस्थिति न केवल उनकी अपार प्रतिभा को रेखांकित करती है, बल्कि उन्हें भारतीय मनोरंजन परिदृश्य में सबसे अधिक मांग वाले सितारों में से एक के रूप में भी चिह्नित करती है।





# राशि ने काशी विश्वनाथ मंदिर में मनाया जन्मदिन

पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर वाराणसी में स्थित प्रसिद्ध और पवित्र काशी विश्वनाथ मंदिर में अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर को शांतिपूर्ण और सार्थक तरीके से मनाने का चयन करते हुए, राशि ने इस पवित्र शहर की शांति के बीच अपना जन्मदिन मनाया, एक और वर्ष का स्वागत करते हुए कृतज्ञता और आशीर्वाद को प्रतिबिंबित किया। राशि ने सोशल मीडिया पर काशी विश्वनाथ मंदिर की अपनी यात्रा की झलकियां साझा कीं, जिससे प्रशंसकों को उनके विशेष दिन की झलक मिल सके। उसके कैप्शन में लिखा है, अपने जन्मदिन को दिव्यता में खोते हुए मना रही हूं, काशी के शाश्वत शहर में, जहां समय थम जाता है और आत्माएँ शांति पाती हैं! बहुत आभारी हूं।

हर हर महादेव व उन्होंने मंदिर में शांति से अकेले में समय बिताते हुए और अपने परिवार के साथ पूजा करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। पेशेवर मोर्चे पर, राशि खन्ना अपनी हाल ही में रिलीज़ हुई 'द साबरमती रिपोर्ट' की सफलता का आनंद ले रही हैं, जिसमें उन्होंने एक निडर पत्रकार की भूमिका निभाई है। उनके सशक्त अभिनय को दर्शकों और आल-ोचकों द्वारा व्यापक रूप से सराहा गया है। इसके अलावा, राशि जल्द ही अपनी आगामी फिल्म 'तलाखों में एक' में दिखाई देंगी और उनके पास एक रोमांचक तेलुगु प्रोजेक्ट, 'तेलुसु कड़ा' भी है।



# प्रियंका चोपड़ा के साथ ऐसा क्या हुआ जिसका मां मधु को आज तक है अफसोस

प्रियंका चोपड़ा की मां मधु चोपड़ा ने अपनी बेटी से जुड़े मामले को लेकर बात की। बोलीं एक बात का अफसोस है और आज भी इसके बारे में सोचती हूं।

दरअसल, मधु चोपड़ा समथिंग बिगर टॉक शो पॉडकास्ट के होस्ट रोड्रिगो कैनेलस के साथ बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी बेटी प्रियंका को सात साल की उम्र में बोर्डिंग स्कूल भेजने का अफसोस है।

एक्ट्रेस की मां ने कहा, मुझे नहीं पता, क्या मैं एक बुरी मां थी? मुझे अभी भी इस बात का पछतावा है। मैं आज भी अपने फैसले पर रोती हूं। यह मेरे लिए भी बहुत मुश्किल था, लेकिन हर शनिवार को मैं अपना काम छोड़कर ट्रेन पकड़ती और उससे मिलने आती थी।

उन्होंने कहा, यह उनके (प्रियंका) लिए ठीक नहीं था, क्योंकि वह अपने बोर्डिंग स्कूल में एडजस्ट नहीं कर पा रही थीं। शनिवार को वह मेरे आने का इंतजार करती और फिर रविवार को मैं उसके साथ रहती थी। पूरे सप्ताह में टीचर मुझसे कहती थी कि आप आना बंद करो, आप नहीं आ सकतीं। मधुर चोपड़ा ने आगे कहा कि उनका यह निर्णय गर्व और अफसोस दोनों से भरा है। हालांकि, यह एक अफसोसजनक निर्णय था, लेकिन प्रियंका ठीक निकलीं और वह अपने पैरों पर खड़ी हो गईं।

मधु ने प्रियंका के मिस वर्ल्ड के अच्छे बुरे दौर को भी याद किया। पॉडकास्ट के इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखे कैप्शन के अनुसार, एक महत्व-पूर्ण उपलब्धि हासिल करने और मिस वर्ल्ड बनने के बावजूद प्रियंका के गृह राज्य उत्तर प्रदेश ने उनका स्वागत वैसा नहीं किया था जैसा होना चाहिए था। मधु ने कहा, एक ट्रेंड था कि ये सभी ब्यूटी प्रतियोगिताएं 'नारी समाज' के लिए होती हैं, जो महिलाओं को वस्तु बनाकर उनका अपमान करती हैं। हालांकि, उन्होंने इस दुनिया को जीता, मगर वे उत्तर प्रदेश में उसका स्वागत करने को तैयार नहीं थे। बताया कि प्रियंका की जीत का जश्न सीमित दायरे में आर्मी कैंट में किया गया था। उनका स्वागत समारोह केवल सैन्य क्लब में ही किया, जिसमें सैन्य अधिकारी ही थे, कोई सिविलियन नहीं था। देश के लिए इतना बड़ा खिताब जीतना, उस समय बड़ी बात थी। उसके बारे में बहुत कुछ लिखा जा रहा था लेकिन अपने गृह राज्य ने ही उसका उस तरीके से स्वागत नहीं किया जिसकी वो हकदार थी।



# ब्लैक आउटफिट पहन नेहा ने दिखाया बोल्ड अवतार

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से सोशल मीडिया का पारा बढ़ाती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट किलर फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका किलर लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।एक्ट्रेस नेहा मलिक सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करती है तो वो तेजी से वायरल होने लगती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बेहद ही स्टनिंग लुक में पोज देती हुई एक से बढ़कर एक पोज देते हुए इंटरनेट का तापमान बढ़ा रही हैं।नेहा मलिक की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश जैकेट और ब्लैक पेंट पहना हुआ है।बालों की पोनीटेल बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।बता दें कि नेहा मलिक जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है।एक यूजर ने उनकी इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे ने लिखा है- यू लुक सो गॉर्जिस। तीसरे यूजर ने लिखा है- लुकिंग गुड।

# हैदराबाद से मृणाल ठाकुर को है प्यार खुल्लम खुल्ला किया इकरार

अपनी एक्टिंग के दम पर फैंस का दिल जीतने वाली अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों हैदराबाद में हैं। उन्होंने माना है कि उन्हें यहां बिताए पलों से प्यार है।

अभिनेत्री मृणाल ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक मोनोक्रोमैटिक तस्वीर शेयर की है। शेयर की गई यह तस्वीर किसी फिल्म के सेट की लग रही है। तस्वीर पर अभिनेत्री ने लाइफ इन हैदराबाद'' जिओटैग के साथ कैप्शन दिया प्यार।

अभिनेत्री ने इस पोस्ट में यह नहीं बताया कि वह हैदराबाद में क्यों हैं। क्या वह यहां किसी फिल्म की शूटिंग करने आई हैं या फिर घूमने फिरने।

अन्य सितारों की तरह मृणाल भी सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। अपनी पसंद ना पसंद का इजहार अकसर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने हॉलीवुड स्टार डेमी मूर को उनके 62वें जन्मदिन पर बधाई दी थी और उनकी 2018 की फिल्म लव सोनिया से एक पुरानी तस्वीर शेयर की थी।

मृणाल ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म की शूटिंग का एक कोलाज शेयर किया था। जिसमें मृणाल स्क्रिप्ट पढ़ रही थीं और मूर ध्यान से निर्देशक की बातें सुन रही थीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, अभी-अभी ये बेशकीमती तस्वीरें मिलीं। जन्मदिन की बधाई खूबसूरत डेमी मूर। लव सोनिया फिल्म तबरेज नूरानी द्वारा निर्देशित और डेविड वोमार्क द्वारा निर्मित है। जिसमें मृणाल ने टाइटल किरदार निभाया था। फिल्म में उनके अलावा रिया सिसोदिया, फ्रीडा पिंटो, डेमी मूर, मनोज बाजपेयी, ऋचा चड्ढा, अनुपम खेर, आदिल हुसैन, राजकुमार राव और साई ताम्-हणकर भी थे। पिछले महीने मृणाल उत्तराखंड में एक फिल्म की शूटिंग कर रही थीं, जिसमें अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी उनके को-स्टार है।मृणाल अगली बार बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। उनके पास वरुण धवन के साथ डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म और पूजा मेरी जान भी है।

32 वर्षीय अभिनेत्री ने 2012 में टेलीविजनशो 'मुझसे कुछ कहती है।।ये खामोशियां' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने 'अर्जुन', 'कुमकुम भाग्य' जैसे शो में काम किया है और वह 'नच बलिए 7' में भी नजर आई थीं।

मृणाल शोभिता धुलिपाला, अर्जुन माथुर, जिम सर्भ, शशांक अरोड़ा, कल्कि कोचलिन, शिवानी रघुवंशी और मोना सिंह अभिनीत वेब सीरीज 'मेड इन हेवन 2' में भी नजर आई थी।

उन्होंने 'सुपर 30', 'बाटला हाउस', 'धमाका', 'सीता रामम', 'हाय नन्ना', 'जर्सी', 'पिप्पा' और 'द फैमिली स्टार' जैसी कई फिल्मों में अभिनय किया है।

हाल ही में उन्होंने प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण अभिनीत साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'कल्कि 2898 एडी' में दिव्या की भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन नाग अश्विन ने किया था और वैजयंती मूवीज ने इसका निर्माण किया था।



# एसडीएम बेखबर, छह साल से पेशकार सुना रहा था फैसला

**प्रयागराज, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

एसडीएम कोर्ट के पेशकार ने राजस्व के सैकड़ों मुकदमे एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर से निपटा डाले। जांच में छह साल पुराने फैसले पकड़े गए हैं, जिनमें उसने मनचाहे आपत्तियां लगाईं और स्टे आदेश दिए। इस बीच कई अफसर आए-गए, किसी को खबर ही नहीं हुई। पेशकार को न्यायिक कार्य से हटाते हुए एडीएम ने डीएम से कार्रवाई की सिफारिश की है। कोरांव एसडीएम कोर्ट में लंबे समय से पेशकार हनुमान प्रसाद कब से एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर फैसले जारी कर रहा था, इसकी विस्तृत जांच होनी बाकी है।

एडीएम मदन कुमार ने शुरुआती जांच में दर्जनों मामलों की फर्जी ऑर्डर शीट पकड़ी हैं। इस खेल का खुलासा हुआ, अयोध्या गांव के निवासी रामराज मिश्र की शिकायत से। रामराज ने लिखा कि ग्राम सभा कैथवल के तीन राजस्व मुकदमों को पेशकार ने एसडीएम कोरांव के फर्जी हस्ताक्षर कर निस्तारित किया है। जांच में पता चला कि पेशकार वर्षों से यह खेल कर रहा है। जिन मुकदमों में पीठासीन अधिकारी (एसडीएम) ने कोई निर्णय नहीं लिया, हस्ताक्षर भी नहीं किए, उन्हें पेशकार ने जारी कर दिया है।




ऐसा सिर्फ तीन जुलाई, आठ अगस्त-24 को ही नहीं हुआ, बल्कि दूसरी तिथियों में भी फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। कंप्यूटरीकृत ऑर्डर शीट में भी छेड़छाड़ मिली है। दो नवंबर 2018 की एक आर्डर शीट पर लिखा है, दोनों पक्षों की सहमति से पत्रावली आदेश के लिए सुरक्षित की गई है, लेकिन इसमें वादी के हस्ताक्षर हैं, न प्रतिवादी के। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के भी हस्ताक्षर नहीं पाए गए। पांच नवंबर 2018 के टाइप आदेश पर ओवर राइटिंग करके आपत्ति लगाई गई है। तीन जुलाई-24 को रामनायक बनाम मिश्रीलाल के मुकदमे में स्थगन आदेश पर भी एसडीएम के फर्जी हस्ताक्षर से आपत्ति लगाई गई है।

16 दिसंबर 2022 को एक न्यायिक मामले में लेखपाल का बयान दाखिल नहीं किया गया, लेकिन इसका फर्जी उत्तर जारी कर दिया गया। पेशकार के कारनामे सामने आने पर एडीएम ने उससे तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने को कहा, लेकिन 20 दिन बाद भी उसने जवाब नहीं दिया। एडीएम ने शुक्रवार को जारी आदेश में कहा है कि स्पष्टीकरण नहीं देने से साफ है कि पेशकार पर लगाए गए आरोप सत्य और मान्य हैं। पेशकार हनुमान प्रसाद का कृत्य उत्तर प्रदेश कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत तो है ही, उच्चाधिकारियों की ओर से दिए गए आदेशों की अवहेलना भी है। एडीएम ने डीएम को रिपोर्ट भेजते हुए कार्रवाई की संस्तुति की है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने पेशकार हनुमान प्रसाद के खिलाफ फर्जी फैसले जारी करने की शिकायत आने पर दो अगस्त को डीएम को कार्रवाई करने के लिए लिखा था। इलाहाबाद सांसद उज्ज्वल रमण सिंह ने भी पेशकार को हटाने के लिए डीएम कार्यालय को पत्र लिखा। लेकिन, मंत्री-सांसद तक की संस्तुतियां दबा दी गईं। साफ है कि समानांतर एसडीएम कोर्ट चलाने वाले पेशकार की डीएम कार्यालय तक कितनी गहरी पैठ है।

कोरांव की एसडीएम आकांक्षा सिंह ने कहा, पेशकार के कारनामे की जानकारी मिलते ही मैंने उसे न्यायिक कार्य से मुक्त कर दिया था। मुझे पता चला है कि एडीएम ने पेशकार के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। मैंने बीती नौ जुलाई को ही कोरांव का कार्यभार ग्रहण किया है। जिन पत्रावलियों में हेराफेरी की गई है, वह पूर्ववर्ती अधिकारियों के कार्यकाल की हैं।



केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

# संभल के हरि मंदिर में सपा सरकार ने बंद करवाई थी पूजा

**लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश स्थित संभल के जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर विवाद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के मेरठ सर्किल में पुरातत्वविद अधीक्षक विनोद सिंह रावत ने एक हलफनामे दायर किया है। इस हलफनामे में कहा गया है कि एए-सआई अधिकारियों को निरीक्षण के लिए मस्जिद में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसके साथ ही जामा मस्जिद प्रबंधन समिति ने मस्जिद के अंदर कई हस्तक्षेप एवं बदलाव किए हैं।

हलफनामे में कहा गया है कि एएसआई की एक टीम ने विवादित मस्जिद का साल 1998 में और फिर जून 2024 में निरीक्षण किया था। हलफनामे में कहा गया है, एए-सआई के लिए भी स्थिति बहुत कठिन है। एएसआई के अधिकारियों को भी निरीक्षण के लिए स्मारक में प्रवेश करने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, जिला प्रशासन के सहयोग से एएसआई ने समय-समय पर स्मारक (जामा मस्जिद) का निरीक्षण किया। एएसआई की एक टीम ने साल 1998 में स्मारक का निरीक्षण किया था। एएसआई टीम द्वारा स्मारक का सबसे हालिया निरीक्षण 25 जून, 2024 को किया गया था। निरीक्षण नोट की एक प्रति भी अनुलग्नक-ख के रूप में संलग्न है।

संभल के जामा मस्जिद प्रबंधन समिति ने विवादित मस्जिद में कई तरह के हस्तक्षेप और बदलाव किए हैं। मस्जिद प्रबंधन समिति ने एएसआई टीम को निरीक्षण करने से रोक दिया है। इस तरह एएसआई को मस्जिद की वर्तमान स्थिति के बारे में पता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसआई के पास इस बारे में भी कोई जानकारी नहीं है कि मस्जिद में कोई अतिरिक्त निर्माण किया गया था या नहीं। हलफनामे में लिखा है, अनुच्छेद 32 और 33 के जवाब में यह प्रस्तुत किया गया है कि स्मारक से जुड़ी मस्जिद प्रबंधन समिति ने स्मारक में विभिन्न हस्तक्षेप, परिवर्धन, संशोधन आदि किए हैं। जून 2024 के महीने में एएसआई के



अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में स्मारक में किए गए कुछ हस्तक्षेपों को दर्ज किया गया है। उक्त निरीक्षण नोट की एक प्रति कृपया अनुलग्नक-ख में देखी जा सकती है। एएसआई टीम को इसके नियमित निरीक्षण से रोक दिया गया है। विनोद सिंह रावत ने अपने हलफनामे में यह भी बताया है कि इस मस्जिद में जब भी किसी आधुनिक हस्तक्षेप या बदलाव की गतिविधि देखी गई तो स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई और इसके जिम्मेदार लोगों एवं संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

इस तरह जामा मस्जिद की वर्तमान स्थिति और उसमें किए गए बदलाव के बारे में एएसआई को जानकारी नहीं है। इस मामले में यह हलफनामा बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि 22 दिसंबर 1920 को अधिनियम की धारा 3(3) के तहत संयुक्त प्रांत सरकार ने अधिसूचना जारी करके विवादित स्थल को संरक्षित स्मारक घोषित किया था। देवरिया से भाजपा विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने जामा मस्जिद का पुराना नक्शा और कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा, इनमें कुछ महिलाओं को पूजा करते हुए देखा जा सकता है। त्रिपाठी का कहना है कि साल 2012 की सपा सरकार से पहले जामा मस्जिद में पूजा और शादी-विवाह होते थे। पूजा-अर्चना और शादी-विवाह की पुरानी तस्वीरें भी हैं। सपा सरकार में एमपी शफीकुर्रहमान बर्क के दबाव में पूजा-अर्चना रुकवा दी गई थी। हरि मंदिर को पूरी तौर पर जामा मस्जिद में तब्दील कर दिया गया। सरकारी गजट से लेकर तमाम लेखों में यहां हिंदू मंदिर का जिक्र है। यही वजह है कि आज कुछ लोगों को सर्वे से डर लगता है।

# 19 अभियुक्तों के विरूद्ध लगाया गया गैंगेस्टर एक्ट

**कुशीनगर, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में नवरात्रि के अवसर पर पडरौना से रवीन्द्रनगर दुर्गा प्रतिमा ले जाते समय छावनी में मूर्ति पर पथराव करने, विरोध करने पर अभियुक्तगण द्वारा लाठी डंडे व धारदार हथियार से मारपीट कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने, लूटपाट करने व दहशत का माहौल पैदा करने जैसा जघन्य अपराध कारित करने वाले गैंग के 19 अभियुक्तों के खिलाफ आज पडरौना पुलिस ने गैंगस्टर लगाया।

पुलिस के अनुसार इलाके में कानून व्यवस्था का बिगाड़ने वाले सेराज पुत्र मासूक निवासी छावनी थाना को. पडरौना कुशीनगर ,उमर अंसारी पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी भिसवा लाला थाना रविन्द्रनगर धुस जनपद कुशीनगर ,मो. कैश पुत्र सरताज निवासी छावनी थाना को. पडरौना कुशीनगर, दिलके आलम पुत्र मो. दारा निवासी छावनी थाना को. पडरौना कुशीनगर ,समीर अली पुत्र आजाद निवासी छावनी थाना को. पडरौना कुशीनगर , शमशेर अंसारी पुत्र अजीज अंसारी निवासी गनेशीपट्टी थाना रविन्द्रनगर धुस कुशीनगर ,रमजान अली पुत्र जियाउद्दीन निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर, नूर मुहम्मद पुत्र शब्बीर निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर, शमशेर पुत्र हमीद निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर, नजरूद्दीन पुत्र विक्कल निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर , रफीक अली पुत्र सैजुब अली निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर, मो. नईम पुत्र स्व. अदालत निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर ,रियाजुद्दीन पुत्र सुब्बा निवासी छावनी थाना को. पडरौना जनपद कुशीनगर ,सिराजुद्दीन पुत्र मैनुद्दीन निवासी मुगलपुरा छावनी झड को. पडरौना जनपद कुशीनगर, सरफुद्दीन पुत्र जान मुहम्मद मियां निवासी पैकवलिया थाना सेमरा जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार ,फिरोज अहमद पुत्र ग्यासुद्दीन निवासी भिसवा सरकारी थाना रविन्द्रनगर धूस कुशीनगर , सुल्तान अली पुत्र आलमगीर निवासी गनेशीपट्टी थाना रविन्द्रनगर धूस कुशीनगर , फिरोज अहमद पुत्र नजीर अहमद निवासी भिसवा लाला थाना रविन्द्रनगरधूस कुशीनगर , इकबाल पुत्र सत्तार निवासी छावनी थाना को. पडरौना कुशीनगर के खिलाफ थाना कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा 3(1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी।

# तेज रफ्तार कार ने मारी टेंपो में टक्कर पांच की मौत, छह घायल

**बहराइच, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में शनिवार को हुए एक वीभत्स सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार ने टेंपो को टक्कर मार दी, जिससे टेंपो सवार 5 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई और कार सवार दोनों युवक समेत कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, बस्ती जिले के नव्वागांव के विजय चौधरी (32) अपनी कार के साथ गांव के सोहराब (42) के साथ बहराइच आए थे ताकि अपनी गाड़ी को सही करवा सकें। शनिवार को जब वे बहराइच से वापस बस्ती लौट रहे थे, तब टेंपो सवारी लेकर वीरपुर से इकौना जा रहा था। मोहनीपुर के पास बलरामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने अचानक टेंपो को सामने से टक्कर मार दी। टेंपो में कुल 9 लोग सवार थे, जिनमें से 5 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर की तीव्रता इतनी थी कि दोनों गाड़ियां सड़क किनारे गड्ढे में गिर गईं। आस-पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और तत्काल घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने बताया कि कार में केवल 2 लोग सवार थे जबकि टेंपो में 9 लोग सवार थे। उन्होंने पुष्टि की कि 5 लोगों की मौत हो चुकी है और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है, और मृतकों के परिवारों को सूचना दे दी गई है। दुर्घटना में मरने वालों की पहचान लल्लन (44) पुत्र सूबेदार निवासी पांडेय पुरवा थाना इकौना, रफ़ीक (40) पुत्र इद्रीस निवासी वीरपुर सेन थाना पयागपुर, ननके यादव (30) पुत्र मंगल प्रसाद निवासी बरईपुर थाना इकौना, अयोध्या प्रसाद (50) पुत्र चूड़ामणि निवासी मोहम्मदापूर थाना गिलौला श्रावस्ती, मुरलीधर (60) पुत्र जोखू निवासी धरसवा थाना कोतवाली देहात बहराइच के रूप में की गयी है।

# मथुरा में 454 हरे पेड़ों की कटाई पर दायर हुई जनहित याचिका

**मथुरा, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

मथुरा की प्रस्तावित गुरू कृपा कालोनी में अवैध रूप से सैकड़ों वृक्षों की कटाई को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में पर्यावरणीय विनाश और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), 21 (जीवन और पर्यावरण का अधिकार), और 25 (धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को उजागर करते हुए तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की गई है और कहा गया है कि यह मामला न केवल पर्यावरणीय संरक्षण बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर की रक्षा के लिए एक महत्त्वपूर्ण दृष्टांत स्थापित कर सकता है।

# महाकुंभ के सफल संचालन के लिए हो रहा आईसीसी सेंटर का अपग्रेडेशन




**प्रयागराज, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

विश्व के सबसे बड़े मानवीय समागम महाकुंभ 2025 में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। सारे विश्व की निगाह महाकुंभ के आयोजन पर लगी रहती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार और प्रयागराज मेला प्राधिकरण सीएम योगी के मार्गदर्शन और निर्देशन में तैयारियां भी उसी अनुरूप कर रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण है महाकुंभ मेले के सफल आयोजन और संचालन के लिए आईसीसी सेंटर को अपग्रेड करना। आईसीसी सेंटर का निर्माण कुंभ 2019 में किया गया था लेकिन महाकुंभ 2025 का आयोजन और भी भव्य और विशाल होने के कारण इसका उच्चीकरण किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अपने प्रयागराज दौरे में किया और अपग्रेडेशन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, आईसीसीसी का निर्माण कुंभ 2019 के सफल आयोजन के लिए किया गया था। इसका उद्घाटन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और प्रयागराज स्मार्ट सिटी आईसीसी सेंटर के माध्यम से एआई, चैटबॉट, लाईव सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरों जैसी अत्याधुनिक तकनीकी की मदद से मेले का सफल संचालन करता है। महाकुंभ 2025 का आयोजन पिछले सभी कुंभ, महाकुंभ मेलों के आयोजन से भव्य और विशाल होने के कारण आईसीसी सेंटर को अपग्रेड किया जा रहा है। सीएम योगी के विरासत और विकास के विजन के मुताबिक महाकुंभ की प्राचीनतम परंपरा को अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग से सुगम और सुरक्षित बनाने का प्रयास हो रहा है। सीएम ने स्वयं अपने प्रयागराज दौरे में आईसीसी सेंटर के अपग्रेडेशन का निरीक्षण किया और शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रयागराज स्मार्ट सिटी और मेला प्राधिकरण देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों की मदद से आईसीसी सेंटर के अपग्रेडेशन का कार्य करा रहा है। महाकुंभ 2025 के मद्देनजर लगभग 1650 नए सीसीटीवी कैमरे, 24 एपीएनआर कैमरे, 40 वीएमसीडी, 100 स्मार्ट पार्किंग, क्राउड मैनेजमेंट और व्हीकल काउंट के लिए 268 और 240 एआई कंपोनेट लगाये जा रहे हैं। इसके साथ ही शिकायत निवारण के लिए कॉल सेंटर में 20 सीटें बढ़ाई जा रही हैं। महाकुंभ 2025 में आईसीसी सेंटर मेला, एमसीआर सेंटर, अरैल और झूंसी व्यूविंग सेंटर से पूरे मेले क्षेत्र का निरीक्षण किया जाएगा। साथ ही एआई कंट्रोल्ड सीसीटीवी कैमरों की मदद से 9 रेलवे स्टेशनों पर क्राउड मैनेजमेंट और निगरानी का कार्य किया जाएगा। 1 दिसंबर से 1920 हेल्पलाइन का कार्य शुरू हो जाएगा।

# कन्नौज पुलिस बनेगी यूपी की पहली डिजिटल पुलिस



**कन्नौज, 30 नवंबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया मिशन को उत्तर प्रदेश में योगी सरकार तेज गति से अमली जामा पहनाने में जी-जान से जुटी हुई है। इसके तहत वर्ष के अंत (दिसंबर) तक कन्नौज पुलिस के सभी थाने मोटी-मोटी फाइलों के जंजाल से मुक्त हो जाएंगे। इसी के साथ कन्नौज पुलिस पूरे प्रदेश में पहला ऐसा जिला होगा, जहां सारे थाने ई ऑफिस सिस्टम प्रणाली पर पूरी तरह से काम करते नजर आएंगे, जहां कागजों पर लिखा-पढ़ी का दौर नये साल से गुजरे जमाने की बात हो जाएगा। दरअसल, स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए कन्नौज पुलिस सभी थानों, सीओ ऑफिस और एडिशनल ऑफिस समेत तमाम पुलिस ऑफिसेज में ईर्-ऑफिस सिस्टम लागू कर देगी। इसके लिए तैयारी और ट्रेनिंग लगभग पूरी हो चुकी है। साथ ही सभी थानों और ऑफिस को ई ऑफिस सिस्टम से संबंधित उपकरण उपलब्ध करा दिये गये हैं।

कन्नौज एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस में तकनीकी सुधार और आधुनिकरण की दिशा में बड़े कदम उठाये जा रहे हैं। इसी दिशा में कन्नौज पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए सभी थानों को दिसंबर 2024 तक पूरी तरह से डिजिटल बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पहल के तहत थानों में मोटी-मोटी फाइलों का जमाना खत्म होगा और ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुचारू रूप से संचालित किया जाएगा। इसी के तहत कन्नौज उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन जाएगा, जहां सभी पुलिस थानों और कार्यालयों में शत-प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली पर काम होगा। पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने हाल ही में पुलिस कार्यालय में आयोजित एक समारोह में डिजिटल परिवर्तन की शुरुआत की है। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और राजपत्रित अधिकारियों को लैपटॉप वितरित किए गए।

पुलिस अधीक्षक कन्नौज अमित कुमार आनंद ने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिसकर्मियों को ई-ऑफिस की तकनीकी जानकारी दी जा रही है। यह प्रणाली एनआईसी (नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर) द्वारा तैयार की गई है और यह केंद्रीय सचिवालय नियमावली पर आधारित है। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जिले में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। सभी पुलिस थानों और कार्यालयों को आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

ई-ऑफिस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य फाइलों और डेटा के डिजिटल प्रबंधन के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाना है। यह प्रणाली शिकायतों और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया को तेज बनाएगी, जिससे जनता को त्वरित न्याय मिल सकेगा। साथ ही डिजिटल फाइल के जरिये मॉनिटरिंग से अधिकारियों को कार्यों पर नजर रखने और निर्णय प्रक्रिया को सुगम बनाने में काफी मदद मिलेगी। वहीं ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से जनता को भी कई लाभ होंगे। इससे थानों में लंबित शिकायतों के निपटारे में देरी नहीं होगी और रिपोर्टिंग प्रक्रिया पारदर्शी के साथ समयबद्ध होगी। इसके अलावा थानों और जिला कार्यालयों में भ्रष्टाचार की संभावना भी कम होगी। कन्नौज पुलिस की पहल जनता के लिए एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है। इससे न केवल पुलिसकर्मियों का कार्यभार कम होगा, बल्कि आमजन को पुलिस विभाग से जुड़ी सेवाओं का लाभ तेजी और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। कन्नौज पुलिस की यह पहल प्रदेश के अन्य जिलों के लिए प्रेरणा है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ




# केन विलियमसन 9000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले खिलाड़ी बने

**क्राइस्टचर्च, 30 नवंबर (एजेंसियां) ।**

स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने शनिवार को रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। वह 9,000 टेस्ट रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के पहले क्रिकेटर बन गए हैं।

उन्होंने क्राइस्टचर्च में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। चोट से वापसी करने के बाद केन विलियमसन ने क्राइस्टचर्च टेस्ट में दमदार प्रदर्शन किया।

34 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में 86 गेंदों पर 61 रनों की पारी खेली। 36वें ओवर में क्रिस वोक्स द्वारा उन्हें आउट करने के बाद उनकी पारी का अंत हुआ। इससे पहले पहली पारी में कीवी बल्लेबाज ने 47.21 की स्ट्राइक रेट से 197 गेंदों पर 93 रन बनाए थे।

टेस्ट मैच की बात करें तो इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। विलियमसन के 93 और फिलिप्स 58 रनों की जुझारू पारी की बदौलत कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 348 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए ब्राइडन कार्स और शोएब बशीर ने 4-4 विकेट लिए।

जवाब में इंग्लैंड ने हैरी ब्रूक की 197 गेंदों में 171 रनों की शानदार पारी और बेन स्टोक्स के 80 रनों की बदौलत अपनी पहली पारी में 499 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए नाथन स्मिथ ने 3 और मैट हेनरीने 4 विकेट लिए।

## लीसेस्टर सिटी के नए कोच नियुक्त हुए रूड वान निस्टेलरॉय

**लंदन।** लीसेस्टर सिटी ने शुक्रवार को रूड वान निस्टेलरॉय को जून 2027 के अंत तक अनुबंध के साथ अपना नया प्रथम टीम कोच नियुक्त किया। पूर्व स्ट्राइकर ने पीएसवी आइंडहोवन को कोचिंग दी है, वह मैनचेस्टर यूनाइटेड में एरिक टेन हैग के सहायक थे, टेन हैग की बर्खास्तगी के बाद अंतरिम बॉस के रूप में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रभारी के रूप में चार में से तीन मैच जीते, इसके बाद उन्होंने दो सप्ताह पहले क्लब छोड़ दिया। उन्हें स्टीव कूपर की जगह लेने का काम सौंपा गया है, जिन्होंने पिछले सप्ताहांत में चेल्सी के खिलाफ घरेलू मैदान पर लीसेस्टर की 2-1 की हार के बाद अपनी नौकरी खो दी थी, जबकि वे केवल 12 प्रीमियर लीग मैच ही प्रभारी के रूप में खेल पाए थे। कोच नियुक्त किये जाने पर निस्टेलरॉय ने कहा, मुझे गर्व है, मैं उत्साहित हूँ ... लीसेस्टर सिटी के बारे में मैं जिस किसी से भी बात करता हूँ, वे सभी उत्साही हैं। उनके पास क्लब में काम करने वाले लोगों, समर्थकों की गुणवत्ता के बारे में शानदार कहानियाँ हैं और निश्चित रूप से, क्लब का हालिया इतिहास प्रभावशाली है। निस्टेलरॉय, जिनका पहला मैच 3 दिसंबर को घरेलू मैदान पर वेस्ट हैम के साथ होगा, ने कहा, मैं शुरुआत करने, सभी को जानने और फुटबॉल क्लब के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्साहित हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए हेजलवुड, एबॉट और डॉगेट टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** जोश हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। सीन एबॉट और ब्रेंडन डॉगेट, जो दोनों टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड हैं, को ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है, हालांकि डे-नाइट टेस्ट के लिए इलेवन में हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड को शामिल किया जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के एक बयान में कहा गया है कि हेजलवुड को बाईं ओर हल्की चोट है और वह अपनी रिकवरी के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहेंगे। हेजलवुड पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ थे जिन्होंने 34 ओवर में 57 रन देकर 5 विकेट लिए। पिछले साल एशेज में हेडिंग्ले के बाद से यह पहला टेस्ट होगा जिसे हेजलवुड ने मिस किया है। पिछले साल एशेज में उन्हें लगातार कई चोटें लगी थीं - जिसमें दो साइड स्ट्रेन भी शामिल थे - जबकि उन्हें विभिन्न उपमहाद्वीपीय दौरों पर परिस्थितियों के कारण भी बाहर रखा गया था। दिसंबर 2021 और जून 2023 के बीच उन्होंने सिर्फ़ चार टेस्ट खेले। अगर बोलैंड की वापसी होती है तो उम्मीद के मुताबिक लीड्स में एशेज गेम में हेजलवुड की जगह खेलने के बाद यह उनका पहला टेस्ट होगा। घरेलू मैदान पर उनका रिकॉर्ड शानदार है, उन्होंने छह मैचों में 12.21 की औसत से 28 विकेट लिए हैं। पिछले सीजन में पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने सभी सात टेस्ट मैचों में बिना किसी बदलाव के गेंदबाजी आक्रमण के साथ जीत हासिल की थी और पिछले हफ्ते पर्थ टेस्ट में लगातार 10वें टेस्ट में हेजलवुड, पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क ने एक साथ गेंदबाजी की थी। ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद वाली टीमों में नियमित रूप से खेलने वाले एबॉट को अक्सर टेस्ट कैप न मिलने के कारण दुर्भाग्यशाली माना जाता है। इस बीच, डॉगेट के लिए यह राष्ट्रीय टीम में वापसी का एक शानदार मौका है, क्योंकि उन्हें 2018 में यूएई में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए चुना गया था।



### केसीसी फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स, एक दिसम्बर को होगा मुकाबला



**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले केसीसी फाइटनाइट की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए और एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले को लेकर सर्वश्रेष्ठ एक्शन का लखनऊ वासियों से वादा किया। मार्शल आर्ट के प्रति समर्पण और जुनून से प्रेरित संस्था कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार 30 नवंबर 2024 को शाम पांच बजे से इन सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे। इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्कांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइटर्स लोगों को रोमांचित करने के लिए तैयार है।

### भारत-पीएम एकादश मैचः पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ा, अब 50-50 ओवर का होगा मुकाबला



**कैनबरा।** यहां लगातार हो रही बारिश के कारण भारत और प्रधानमंत्री एकादश के बीच गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले दो दिनी अभ्यास मैच का पहला दिन रद्द कर दिया गया। अब रविवार को 50-50 ओवर का मैच खेला जाएगा। हल्की बूंदाबांदी हुई और फिर धीरे-धीरे हवा के साथ तेज बारिश में बदल गई, बारिश के रुकने के बाद ग्राउंड स्टाफ ने कड़ी मशक्कत की। हालांकि उनके प्रयासों पर बारिश ने पानी फेर दिया। मैदान में प्रधानमंत्री एकादश और मेहमान भारतीय टीम मौजूद थी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज बिना किसी शोर-शराबे के मैदान में आए, अपनी टीम को कैप सौंपी, रोहित शर्मा की टीम से बातचीत की, ग्रुप फोटो खिंचवाई और चले गए। भारतीय खिलाड़ी भी कुछ देर बाद अपने होटल की ओर रवाना हो गए।

# हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का आधिकारिक प्रसारण भागीदार बना दूरदर्शन

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां) ।**



भारतीय खेलों को बढ़ावा देने की अपनी विरासत के लिए प्रसिद्ध, दूरदर्शन देश भर के लाखों दर्शकों के लिए हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का रोमांचक एक्शन लेकर आएगा। दूरदर्शन ने शनिवार को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी किया है, ताकि हॉकी को घर-घर पहुंचाया जा सके और इस सुंदर खेल के खिलाड़ियों को देश में जाना-पहचाना नाम बनाया जा सके। एचआईएल 28 दिसंबर 2024 से शुरू हो रहा है। इस साल का संस्करण ऐतिहासिक है क्योंकि यह महिला हॉकी इंडिया लीग के उद्घाटन सत्र के साथ-साथ बहुप्रतीक्षित पुरुष प्रतियोगिता का भी प्रतीक है।

इस लीग में 8 पुरुष टीमें और 4 महिला टीमें भाग लेंगी, जो राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिसमें भारत और दुनिया भर से शीर्ष स्तर की प्रतिभाएँ दिखाई देंगी। महिला लीग का जुड़ना हॉकी इंडिया की खेलों में लैंगिक समावेशिता को आगे बढ़ाने और एक बड़े मंच पर महिला हॉकी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा, प्रसार भारती को हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने का सौभाग्य मिला है, जो एक ऐसा मंच है जो हमारे राष्ट्रीय खेलों का जश्न मनाता है और विभिन्न श्रेणियों के लोगों को जोड़ता है। हमारे व्यापक कवरेज के माध्यम से, हमारा लक्ष्य हॉकी की रोमांचक भावना को हर जगह दर्शकों तक पहुँचाना, शहरी और ग्रामीण विभाजन को पाटना और लीग के प्रभाव को बढ़ावा देना है, जिसमें महिला एचआईएल का ऐतिहासिक पदार्पण भी शामिल है।

प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा, टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार दो पदक जीतने के साथ, भारतीय खेल प्रेमियों को विश्वास है कि भारतीय हॉकी का स्वर्ण युग वापस आ रहा है। सार्वजनिक प्रसारक के रूप में दूरदर्शन इस साझेदारी के माध्यम से इस व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए तत्पर है। इसका उद्देश्य हॉकी उत्पादन और प्रसारण को वैश्विक खेल मानकों तक बढ़ाना है। दुनिया भर के खेल प्रेमी अब डीडी स्पोर्ट्स और वेव्स- प्रसार भारती के हाल ही में लॉन्च किए गए ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भारतीय हॉकी लीग, पुरुष और महिला दोनों देख सकते हैं। 28 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाले प्रसारण के लिए बने रहें।


इस भागीदारी को लेकर एचआईएल की संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, हम हॉकी इंडिया लीग के आधिकारिक प्रसारणकर्ता के रूप में दूरदर्शन के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं। यह वर्ष महिला एचआईएल के लॉन्च के साथ विशेष रूप से खास है, जो महिला हॉकी को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक कदम है। दूरदर्शन की खेलों के प्रति अद्वितीय पहुंच और प्रतिबद्धता हॉकी को देश के हर कोने तक ले जाने के हमारे दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य लाखों लोगों को प्रेरित करना और एचआईएल को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाना है।

एचआईएल की संचालन समिति के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हॉकी हमारे लिए सिर्फ एक खेल से कहीं बढ़कर है - यह हमारी एकता और गौरव का प्रतीक है। इस सीजन में महिला एचआईएल का जुड़ना महिला एथलीटों के लिए समानता और मान्यता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। दूरदर्शन के साथ हमारे भागीदार के रूप में, हम एचआईएल का एक शानदार सीजन पेश करने के लिए तैयार हैं। %हॉकी हमें जोड़ती है, और यह भागीदारी उस बंधन को मजबूत करती है।

अब, देश भर के प्रशंसक - भारत के हर नुक्कड़, कोने और गाँव से - दूरदर्शन पर हॉकी इंडिया लीग के सभी मैचों का सीधा प्रसारण देख सकेंगे, जिससे देश भर के हॉकी प्रेमियों के लिए निर्बाध पहुँच सुनिश्चित होगी।

एक ऐतिहासिक कदम के रूप में, हॉकी इंडिया के साथ दूरदर्शन की साझेदारी सभी राष्ट्रीय चैंपियनशिप तक विस्तारित हो गई है। आगे चलकर, विभिन्न श्रेणियों में सभी हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप, साथ ही हॉकी इंडिया के स्वामित्व वाले भारत के सभी हॉकी कार्यक्रम डीडी पर प्रसारित किए जाएँगे।

# दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर सोत्सोबे, त्सोलेकिले, मभालती भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार



**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां) ।**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटरों लोनवाबो सोत्सोबे और थामी त्सोलेकिले के साथ-साथ टाइटन्स के पूर्व गेंदबाज इथी मभालती को गिरफ्तार किया गया है और उन पर भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम एवं प्रतिरोध अधिनियम, 2004 की धारा 15 के तहत भ्रष्टाचार के पांच आरोप लगाए गए हैं।

उन पर अधिनियम की धारा 15 के तहत आरोप लगाए गए हैं, जो खेल आयोजनों से संबंधित भ्रष्ट गतिविधियों से संबंधित है, जिसमें किसी अन्य व्यक्ति से किसी ऐसे कार्य में शामिल होने के लिए रिश्वत लेना या देने की पेशकश करना शामिल है, जो किसी खेल आयोजन की अखंडता को कमजोर करने या खेल के क्रम को प्रभावित करने की धमकी देता है।

आरोप 2015-16 के रैम स्लैम चैलेंज के इर्द-गिर्द मैच फिक्सिंग की कहानी से जुड़े हैं। ये तीन खिलाड़ी उन सात खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें घरेलू टी20 टूर्नामेंट के दौरान मैच फिक्स करने के प्रयासों में शामिल होने के लिए 2016 और 2017 में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा प्रतिबंधित किया गया था। गुलाम बोदी पहले ही जेल में हैं, जबकि जीन सिम्स और पुमी मात्शिकवे को क्रमशः 2021 और 2022 में दोषी ठहराए जाने के बाद निलंबित सजा दी गई थी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने खेल में उनकी संलिप्तता के कारण सभी खिलाड़ियों पर दो से 12 साल का प्रतिबंध भी लगाया है। भ्रष्ट गतिविधियों की रोकथाम और मुकाबला अधिनियम 2000 में हैंसी क्रोनजे मैच फिक्सिंग कांड के बाद लागू हुआ था, और यह समझा जाता है कि यह पहली बार है जब इसका इस्तेमाल खिलाड़ियों पर अपराध के आरोप लगाने के लिए किया जा रहा है। हॉक्स के नाम से जाने जाने वाले प्राथमिकता अपराध जांच निदेशालय (डीपीसीआई) द्वारा जांच के बाद आरोप लगाए गए हैं, जो संगठित और आर्थिक अपराध की जांच करने वाली दक्षिण अफ्रीकी पुलिस सेवा की एक विशेष शाखा है। डीपीसीआई के राष्ट्रीय प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल गॉडफ्रे लेबेया ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, भ्रष्टाचार खेल की अखंडता को कमजोर करता है, और हॉक्स समाज के सभी क्षेत्रों में निष्पक्षता और व्यावसायिकता के मूल्यों की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

# सैयद मोदी इंटरनेशनल 2024: पीवी सिंधु, ध्रुव-तनिषा की जोड़ी फाइनल में

**लखनऊ, 30 नवंबर (एजेंसियां) ।**

**शीर्ष वरीयता प्राप्त पीवी सिंधु ने शनिवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। सिंधु ने शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में युवा उन्नति हुड्डा पर आसान जीत दर्ज की।**



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने 17 वर्षीय हुड्डा को 35 मिनट में 21-12, 21-9 से हराया। 29 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का सामना फाइनल में थाईलैंड की लालिनरत चाइवान या चीन की लुओ यू वू से होगा।

मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने चीन के झोउ झी होंग और यांग जिया यी पर 21-16, 21-15 से जीत के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की। बाद में, तनिषा महिला युगल सेमीफाइनल में अश्विनी पोनप्पा के साथ मैदान में उतरेंगी।

लक्ष्य सेन, प्रियांशु राजावत, महिला युगल जोड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद, पुरुष युगल जोड़ी पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय-के और साई प्रतीक व ईशान भटनागर-शंकर प्रसाद उदयकुमार भी शनिवार को खेलेंगे।

# सर्वश्रेष्ठ फीफा खिलाड़ी पुरस्कार 2024 : विनिसियस जूनियर, कार्वाजल,एमबाप्पे नामितों में शामिल

**नई दिल्ली, 30 नवंबर (एजेंसियां) ।**



फीफा ने शुक्रवार को 2024 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामितों की घोषणा की, जिसमें विनीसियस जूनियर, दानी कार्वाज़ल, जूड बेलिंगहैम, किलियन एमबाप्पे, फेडे वाल्वरडे और टोनी क्रूस जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

बार्सिलोना की ऐताना बोनमती महिला पुरस्कार के लिए नामितों में सबसे आगे हैं।

पुरस्कार समारोह की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। विनीसियस जूनियर और उनके रियल मैड्रिड टीम के साथी रॉड्री अब एक और मुकाबले के लिए तैयार हैं।

रॉड्री, जिन्होंने मैनचेस्टर सिटी के ऐतिहासिक चौथे लगातार प्रीमियर लीग खिताब और स्पेन की यूरो 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित किया गया था, एक मजबूत पसंदीदा हैं।

विनीसियस जूनियर रॉड्री के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी हैं, जिन्होंने पिछले सीजन में सभी प्रतियोगिताओं में 24 गोल किए और 11 सहायता प्रदान की। उनका प्रदर्शन रियल मैड्रिड की ला लीगा जीत और बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ चैंपियंस लीग फाइनल जीत में महत्वपूर्ण था, जहां उन्होंने दूसरा गोल किया।

रियल मैड्रिड की मौजूदगी शॉर्टलिस्ट में मजबूत है, जिसमें छह खिलाड़ी नामित हैं, जिनमें हाल ही में सेवानिवृत्त हुए टोनी क्रूस और किलियन एमबाप्पे शामिल हैं। मैनचेस्टर सिटी के एरलिंग हैलैंड और इंटर मियामी के लियोनेल मेसी, जो पिछले साल के विजेता थे, भी दावेदारों में शामिल हैं। 2024 कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना को जीत दिलाने वाले मेसी फुटबॉल की दुनिया में एक मजबूत उपस्थिति बनाए हुए हैं। फीफा बेस्ट मेन्स सेलेक्शन में उल्लेखनीय रूप से क्रिस्टियानो रोनाल्डो अनुपस्थित हैं, जिन्होंने हाल ही में 900 करियर गोल को पार किया है। पिछले सीजन में सऊदी प्रो लीग में अल नासर के लिए अपने रिकॉर्ड-तोड़ 35 गोल के बावजूद, रोनाल्डो ने केवल सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड्स की लिस्ट में जगह बनाई है।

# यूएसपीएल: मैरीलैंड मेवरिक्स फाइनल में, एलिमिनेटर में न्यूयॉर्क काउबॉय का सामना न्यू जर्सी टाइटंस से

**फ्लोरिडा, 30 नवंबर (एजेंसियां) ।**

श्रेयस मोव्वा की मात्र 10 गेंदों पर 26 रनों की लुभावनी पारी ने मैरीलैंड मेवरिक्स को न्यू जर्सी टाइटंस पर 3 विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। इस जीत की बदौलत मेवरिक्स की टीम ने यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग (यूएसपीएल) सीजन 3 के फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

फ्लोरिडा के ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मैरीलैंड मेवरिक्स को 13 गेंदों पर 26 रनों की जरूरत थी फिर मोव्वा ने आकर खेल का रुख ही पलट दिया और चौकों छक्कों की बारिश करते हुए टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। इस मैच जिताऊ पारी के लिए मोव्वा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस जीतकर मैरीलैंड मेवरिक्स ने गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यू जर्सी टाइटन्स ने मजबूत शुरुआत की और सलामी बल्लेबाज सुजीत गौड़ा और जोश कॉब ने पहले 7 ओवर में 68 रन जोड़े। हालाँकि, मेवरिक्स के कप्तान शुभम रंजने ने दोनों



सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया। इसके बाद हम्माद आजम और जोशुआ जेम्स ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन तेजी से रन बनाने के चक्कर में उन दोनों को भी पवेलियन वापस लौटना पड़ा।170 रन के पार जाते-जाते न्यू जर्सी टाइटंस ने 9 विकेट खो दिए। अंत में अर्जुन महेश के कुछ अच्छे शॉट्स की बदौलत टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में मैरीलैंड मेवरिक्स ने ड्वेन स्मिथ के आक्रामक 17 रनों की बदौलत लय तो सही पकड़ी, लेकिन इसी जल्दबाजी के चलते 7 वां ओवर आते-आते 48 रन पर 3 विकेट खो दिए। जिसके बाद सैतेजा मुकम्मला और शुभम रंजने ने 54 रन की साझेदारी करके पारी को आगे बढ़ाया, लेकिन 15वें ओवर तक 116 के स्कोर पर टीम ने 2 और विकेट खो दिए। सुजीत नायक और भास्कर यादराम ने लय बरकरार रखने की कोशिश की, लेकिन अंतिम ओवरों में रन रेट बढ़ाने के चक्कर में आउट हो गए। हालाँकि श्रेयस मोव्वा तो कुछ और ही सोच के बैठे थे। उनके आतिशी 10 गेंदों में 26 रन की मदद से मैरीलैंड मेवरिक्स ने 1 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। न्यू जर्सी टाइटंस अब सेमीफाइनल एलिमिनेटर में न्यूयॉर्क काउबॉय से भिड़ेगी। टूर्नामेंट में शानदार वापसी करने वाले काउबॉय ने दूसरे सेमीफाइनल में कैरोलिना ईगल्स को हराकर अपने खिताब की उम्मीदों को जिंदा रखा है। दूसरा सेमीफाइनल एलिमिनेटर: न्यूयॉर्क काउबॉय बनाम कैरोलिना ईगल्स न्यूयॉर्क काउबॉयज़ का सफर काफी उतर चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन अंतिम मुकाबलों में उन्होंने जिस तरह से वापसी करते हुए अपनी ट्रॉफी की उम्मीदों को बनाए रखा है, वह सच में काबिले तारीफ है। फिलहाल वह पहले एलिमिनेटर मुकाबले में कैरोलिना ईगल्स को 47 रनों से हराकर प्रतियोगिता में बने हुए हैं। इस मुकाबले में काउबॉयज ने 19.5 ओवर में मुख्तार अहमद (50 में 68) और दिलप्रीत बाजवा (17 में 35) रनों की मदद से 148 रनों का लक्ष्य रखा था।

# यहां मनाएं छुट्टियां...

आ गया मौसम सैर-सपाटे का... यानी घूमनेघुमाने का। और इस सैर-सपाटे में हम आपकी मदद न करें, ऐसा हो सकता है भला! देखिए, आपके लिए कैसी जानकारी जुटाकर लाए हैं...





**साल** भर जमकर पढ़ाई करने के बाद, रात-दिन जगने के बाद आता है समय छुट्टियों का। या कह लें घूमने जाने का, बात तो एक ही है। छुट्टियां होते ही बाहर जाने के प्रोग्राम बनने लगते हैं। कभी किसी नई जगह को देखने का प्रोग्राम, तो कभी किसी पुरानी जगह को नए नजरिए से देखने का। इसलिए तो भारत के ऐसे स्थलों की जानकारी जुटाकर लाए हैं हम, जहां आपको इन छुट्टियों में जरूर जाना चाहिए। और अगर इन स्थलों को पहले देख चुके हैं, तो अपने मित्रों को इनके बारे में जानकारी दें और अगर इस साल आपका प्लान नाना-नानी, मौसा-मौसी के घर जाने का है, तो कोई बात नहीं, यहीं किड्स पेज के जरिए इनकी सैर कर लीजिए।

तो चलिए, चलते हैं भारत के चुनिंदा स्थलों की सैर पर...

## मसूरी उत्तराखंड

घने देवदार के जंगल, सफेद बर्फीले पहाड़, झरने और कोहरे की चादर। कुछ ऐसी ही है मसूरी की खूबसूरती। यहां का 'कैमल्स बैक रोड' काफी प्रसिद्ध है, जहां से सूर्यास्त देखना स्वर्ग जैसा अहसास कराता है। इसके अलावा मसूरी झील, गन हिल भी देखी जा सकती है और साथ ही मजा लिया जा सकता है केबल राइड का। यह तो कहने की जरूरत ही नहीं कि प्रकृति के बीच रहकर इसकी एक-एक बारीकी पर ध्यान देना न भूलें। मार्च से जून के बीच यहां का मौसम घूमने के लिए उपयुक्त माना जाता है।

देहरादून से मसूरी 35 किलोमीटर दूर स्थित है। देहरादून के रेलवे स्टेशन से आसानी से यहां बस या टैक्सी से पहुंचा जा सकता है।

## बेकल केरल



वैसे तो केरल का एक-एक कोना देखने योग्य है, लेकिन अगर आप केरल की यात्रा का प्रोग्राम बना रहे हैं, तो एक दिन के लिए बेकल जरूर जाएं।

समुद्र के किनारे बसा एक शांत और सुंदर-सा शहर है बेकल। इस शहर को ऐतिहासिक और टूरिज्म मैप दोनों जगह से ही भुला दिया गया था। लेकिन बेकल के बीच से जाते हुए रेलवे ट्रैक ने इसे याद रखा। यहां से होते हुए जब रेल गुजरती थी, तब अंदर मौजूद लोग बाहर दिखने वाले विशाल और खूबसूरत किले देखकर हैरान रह जाते थे। धीरे-धीरे इस स्थल को लोग जानने के लिए आगे आने लगे और इसे पहचान मिली।

## कांजीरंगा असम



यह पार्क असम के सबसे बड़े शहर, गोवाहाटी से 217 किलोमीटर दूर स्थित है। ज्यादातर पर्यटक यहां से इस पार्क तक बस या टैक्सी करके जाते हैं।

वनस्पति और विभिन्न जानवरों से सजी यह भूमि, असम के गोलाघाट और नागाओं जिले में स्थित 'कांजीरंगा नेशनल पार्क' के नाम से जानी जाती है। ब्रह्मपुत्र की दलदली भूमि पर बसे इस अभयारण्य में पक्षियों और कुछ जानवरों को विचरण करते देखना एक विशिष्ट अनुभव है। इसलिए इस स्थल को 'वर्ल्ड यूनेस्को साइट' में स्थान प्राप्त है। एक सींग वाला गेंडा, बाघ, हाथी, तेंदुआ, बंदरों की सेना और विभिन्न प्रजाति के पक्षी आपको यहां देखने को मिलेंगे। यहां सफारी का भी आयोजन किया जाता है।

## स्पीति हिमाचल प्रदेश

चंडीगढ़ और शिमला से स्पीती तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।



तिब्बत और भारत के बीच की भूमि के तौर पर स्थित है स्पीति। ऊंचे-ऊंचे पहाड़, जिनकी चोटियां बर्फ़ से ढकी होती हैं, यहां की पहचान हैं। इसके अलावा सुंदर बौद्ध-मठ भी देखने लोग यहां आते हैं। दूर तक खाली जमीन और फिर ऊंचे पहाड़ देखकर बोर हो गए हैं, तो यहां कल-कल आवाज करती नदियां भी हैं। शहरी भीड़ से दूर अगर छुट्टियां मनाना चाहते हैं, तो इस तरह का रिमोट स्थल एक अच्छा विकल्प है।

# कैसा हो बुरे के साथ बर्ताव?

एक सवाल बादशाह अकबर के दिमाग में काफी देर तक चलता रहा। अपनी इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए उन्हें दरबारियों से बात करना ही सही लगा। उनके उत्तर से वह संतुष्ट न हुए, तो बीरबल से पूछ बैठे। क्या था बीरबल का जवाब?



**दरबार** लगा हुआ था और अकबर अपने सिंहासन पर बैठे थे। अचानक उन्होंने अपने वजीरों से एक सवाल पूछा, 'यदि आपके सामने कोई नालायक आदमी आ जाए, तो क्या करना चाहिए?'

दरबारियों के चेहरे के भाव देखकर बादशाह समझ गए कि सवाल समझ में नहीं आया। अपने सवाल को और आसान तरीके से पूछा, 'मेरा मतलब यह कि यदि कोई नालायक या बुरा आदमी, जो सही बात कह नहीं सकता और न ही सही व्यवहार कर सकता है, यदि आपके सामने आ जाए, तो आपको किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए?'

किसी ने कहा, उसे पीट कर भगा देना चाहिए, तो किसी ने कहा, उसे जेल में बंद कर देना चाहिए। चर्चा हो ही रही थी कि बीरबल आ गए। बादशाह ने अपना सवाल बीरबल के सामने भी रखा। बीरबल ने कहा, 'बादशाह सलामत, यह सवाल बहुत गंभीर है, इसलिए इसका जवाब सोच-विचार कर कल दूंगा।' बादशाह ने उनकी बात मान ली।

दूसरे दिन बीरबल दरबार में एक अन्य व्यक्ति के साथ आए। उस व्यक्ति के शरीर पर न तो अच्छे कपड़े थे और न ही पांव में जूते। हां, उसका शरीर जरूर एक चादर से ढंका हुआ था।

बीरबल ने कहा, 'हुजूर, ये एक बहुत बड़े फकीर हैं, रात-दिन इबादत में लगे रहते हैं। आपके सवाल का जवाब देने के लिए मैं इन्हें बड़ी मिन्नत करके ले आया हूं। आप अपना सवाल इनसे कीजिए, सही जवाब मिलेगा।' बादशाह ने अपना सवाल रखते हुए कहा, 'फकीर साहब, यदि कोई नालायक़ आदमी आपके सामने आ जाए, तो फिर क्या करना चाहिए? उससे कैसा व्यवहार करना चाहिए?' फकीर साहब ने कोई जवाब नहीं दिया, यूं ही चुपचाप बैठे रहे। बादशाह को लगा कि फकीर साहब उनकी बात को समझ नहीं पाए। इसलिए उन्होंने अपने सवाल को दोहराया, पर फकीर ने कोई जवाब नहीं दिया। यह सोचकर कि फकीर साहब बहरे हैं, कम सुनते होंगे, बादशाह ने खूब जोर से अपनी बात कही, पर फकीर साहब ज्यों-के-त्यों रहे।

अब बादशाह हैरान थे कि बात क्या है, जो फकीर चुप हैं और मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं देते। उन्होंने बीरबल की तरफ देखा, तो बीरबल ने खड़े होकर कहा, 'जहांपनाह, फकीर साहब ने आपके सवाल का जवाब दे तो दिया कि जब आपके सामने कोई नालायक़ आदमी हो, तो चुप रहना चाहिए। उसकी बातों में उलझना नहीं चाहिए, उसकी उपेक्षा करनी चाहिए।' बीरबल की बात सुनकर बादशाह खुश हुए। उनकी प्रशंसा की और फकीर साहब को पूरी इज्जत से भेंट देकर विदा किया।

## कविता पूसी रानी

मेरे घर एक बिल्ली रानी,
खाती दूध-भात की सानी ।

चूहों को डराती है वह,
सब पर रौब जमाती है वह ।

म्याऊं-म्याऊं शोर मचाती,
बच्चों को है आंखें दिखाती ।

अंधेरे में जगती रहती,
बैठे वह घात लगाए रहती।

नाम है उसका पूसी रानी,
वैसे है वह चूहे खानी ।



## क्या आप जानते हैं?

# मौसी नहीं खाती मीठा!

प्राणी जगत के कुछ ऐसे तथ्य आपको बताने जा रहे हैं, जिन्हें जानकर आपकी आंखे खुली की खुली रह जाएंगी। तो चलें...



1. अपनी बिल्ली मौसी मीठा नहीं खातीं क्योंकि उन्हें मीठे का स्वाद ही नहीं आता।
2. ऊंट की कुबड़ को छोड़ दिया जाए, तो उसकी रीड़ की हड्डी सीधी रहती है।
3. कुत्ते और बिल्ली मनुष्यों की तरह ही दाएं हाथ या बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
4. डॉल्फिन एक आंख बंद करके झपकी लेती है।
5. ड्रैगनफ्लाई के छह पैर होते हैं, पर वो चल नहीं सकता।
6. बतख सुबह ही अंडे देती हैं।
7. मेंढ़क बिना पलके झपकाए निगल नहीं सकते।
8. जिराफ खांस नहीं सकते।
9. मगरमच्छ पत्थर खा लेते हैं, ताकि सतह तक पहुंच सकें।
10. मेंढ़क का शिकार अगर हिलता रहेगा, तो वो उसे पकड़ नहीं सकता।

## स्मार्ट टीवी मॉडल्स पर 65 फीसदी तक का डिस्काउंट!



मुंबई । साल 2024 का आखिरी महीना दिसंबर आते ही दुनिया भर में ऑनलाइन खरीदारियों को खुशखबरी मिल रही है। फ्लिपकार्ट और अमेजन ने ब्लैक फ्राइडे सेल की घोषणा की है, जिसमें स्मार्ट टीवी मॉडल्स पर 65 फीसदी तक का डिस्काउंट दिया जा रहा है। अमेजान ब्लैक फ्राइडे सेल में एक्सिस, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी और वन कार्ड से पेमेंट करते समय 10 फीसदी तक की छूट मिलेगी। अगर आप नई स्मार्ट टीवी का खरीद है तो यह सेल एक सुनहरा मौका है। इस सेल में शाओमी के 43 इंच स्मार्ट टीवी पर 42 फीसदी की छूट दी जा रही है, जिसे 24,999 रुपये में खरीदा जा सकता है। इस टीवी में 30 वॉट स्पीकर, डॉल्बी विजन, 4के रिजॉल्यूशन और गूगल टीवी सपोर्ट है। अदिक विकल्पों के लिए एसर कंपनी के 55 इंच टीवी पर 55 फीसदी की छूट मिल रही है जिसे 32,999 रुपये में खरीद सकते हैं।

# प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप देश के हर गांव में लखपति दीदी होनी चाहिए : सीतारमण

**वित्त मंत्री ने 50,294 लाभार्थियों को 1,121 करोड़ रुपये के ऋण भी किए वितरित**



मबुधनी/नई दिल्ली,30 नवंबर (एजेंसियां)।

केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना है कि देश के हर गांव में लखपति दीदी होनी चाहिए। उसके लिए बैंको को जो काम करना है, वो कर रहे है। हर स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता और ट्रेनिंग दी जा रही है।

बिहार के मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेरा सभी से अनुरोध है कि बैंकों के जरिए जो योजनाएं भारत सरकार लायी है, वो उनका हिस्सा बनें और लाभ उठाएं, जिससे सब लोग और सक्षम बन सकें। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विभिन्न बैंकों द्वारा 50,294 लाभार्थियों को 1,121 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए।

मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुछ वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) कार्ड भी प्रदान किए गए। इससे पहले निर्मला सीतारमण ने बिहार के मधुबनी में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की उपस्थिति में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर संसद सदस्य संजय कुमार झा, रामप्रीत मंडल, अशोक कुमार यादव और फैयाज अहमद भी उपस्थित थे क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में संसद सदस्य रामप्रीत मंडल, संजय कुमार झा, डॉ. अशोक कुमार यादव और विधान सभा सदस्य विनोद नारायण झा, सुधांशु शेखर और घनश्याम ठाकुर भी शामिल हुए। इसके अलावा वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू, नाबार्ड के अध्यक्ष के.वी. शैजी; सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एमडी एम.वी. राव, सिडबी के सीएमडी मनोज मित्तल, डीएफएस के अतिरिक्त सचिव एम.पी. तंगिराला और एसबीआई के डीएमडी सुरिंदर राणा ने भी क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार के उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्यसभा सदस्य संजय झा के साथ मधुबनी में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के दौरान स्टालों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने उन स्टॉल मालिकों के साथ बातचीत की जिन्हें केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभ हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर की प्रभावशीलता की समीक्षा करेगा, पेट्रोल-डीजल हो सकता है सस्ता, वित्त मंत्रालय को भेजा प्रस्ताव




नई दिल्ली । वित्त मंत्रालय ने अप्रत्याशित लाभ कर करने के नियमों के प्रभाव की समीक्षा करने का फैसला किया है, क्योंकि कच्चे तेल की निर्यात की कीमतें वैश्विक स्तर पर स्थिर रह गई हैं। इस निर्णय के बाद पेट्रोल, डीजल, और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को शून्य किया गया है। जून 2022 में सरकार ने घरेलू उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को मिटाकर एसएईडी लागू किया था। इसमें पेट्रोलियम के निर्यात के लिए निर्धारित कीमतों में भी भारी कमी की गई थी। इस नए निर्णय के बाद सूत्रों का कहना है कि वित्त मंत्रालय अप्रत्याशित लाभ कर से होने वाली सम्भावित लाभ की समीक्षा करने जा रहा है। इससे जुड़े करों का भी आंकलन किया जाएगा। अप्रत्याशित लाभ कर का निर्धारण पहले 31 अगस्त को किया गया था, जब कच्चे पेट्रोलियम के निर्यात पर 1,850 रुपये प्रति टन को तय किया गया था। अब इसे 18 सितंबर से शून्य पर यथावत रखा गया है। इस निर्णय के प्रभाव से एविएशन इंडस्ट्री को भी लाभ हो सकता है, क्योंकि एटीएफ के निर्यात पर भी एसएईडी लागू है। देश की ऊर्जा क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो मंत्री निर्मला सीतारमण की नेतृत्व में लिया गया है। वित्त मंत्रालय की ओर से गृहित प्रस्तावों के परिणामस्वरूप पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जीएसटी के दायरे में प्राकृतिक गैस को शामिल करने के लिए पत्र भेजा है। इस परिषद में लेने वाले निर्णय से जल्द ही ऊर्जा सेक्टर में और बदलाव देखने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी रही सेंसेक्स 79,802 पर और निफ्टी 24,131 पर बंद



मुंबई,30 नवंबर (एजेंसियां)।

वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों, महाराष्ट्र में स्थायी सरकार की उम्मीद और जियोपॉलीटिकल तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट की वजह से शेयर बाजार में साप्ताहिक आधार पर लगातार दूसरे सप्ताह तेजी देखी गई। बीते पांच दिनों पर शेयर बाजार की चाल पर नजर डालें तो महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के परिणामों के बाद सोमवार को शेयर बाजार खुलने पर अच्छी बढ़त दिखी। हफ्ते को पहले कारोबारी दिन सेंसेक्स सेंसेक्स 1,249.86 अंक चढ़कर 80,315.02 पर खुला और 992.74 अंक उछलकर 80,109.85 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 379.71 अंक मजबूत होकर 24,286.95 पर खुला और 314.65 अंक बढ़कर 24,221.90 अंक पर बंद हुआ। ताजा विदेशी फंड प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में मजबूत रुझानों के बीच मंगलवार के शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त जारी रही। बीएसई का सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 372.51 अंक चढ़कर 80,482.36 अंक पर खुला और 105.79 अंक गिरकर 80,004.06 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 121.4 अंक चढ़कर 24,343.30 अंक पर खुला और 27.40 अंक गिरकर 24,194.50 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका में लगाए गए आरोपों को अदाणी समूह की ओर से नकारे जाने के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 166.1 अंक चढ़कर 80,170.16 अंकों पर खुला और 230.02 अंक चढ़कर 80,234.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 74.35 अंक की बढ़त के साथ 24,268.85 अंकों पर खुला और 80.40 अंक बढ़कर 24,274.90 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 95 अंक चढ़कर 80,329.08 अंकों पर खुला और 1,190.34 अंक गिरकर 79,043.74 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 48.15 अंक की बढ़त के साथ 24,323.05 अंकों पर खुला और 360.75 अंक गिरकर 23,914.15 अंक पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ कारोबार करता दिखा। शुक्रवार को सेंसेक्स 759.87 अंकों की बढ़त के साथ 79,837.50 पर खुला और 759.05 अंक चढ़कर 79,802.79 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 223.40 अंक चढ़कर 24,137.55 पर खुला और 216.95 अंक चढ़कर 24,131.10 पर बंद हुआ।

# पाम ऑयल की दर बढ़ने से साबुन महंगा हुआ






नई दिल्ली,30 नवंबर (एजेंसियां)।

**हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और विप्रो जैसी बड़ी कंपनियां ने पाम ऑयल की बढ़ती कीमतों की वजह से साबुन के भाव 7-8 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। पाम ऑयल, साबुन निर्माण में एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है और इस बढ़ोतरी का सीधा प्रभाव सीधे ग्राहकों की जेबों पर दिख रहा है। सिर्फ साबुन ही नहीं, एचयूएल और अन्य कंपनियां चाय की कीमतों में भी इजाफा कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि कच्चे माल की कीमतों में इजाफे की वजह से कंपनियां कीमतें बढ़ा रही हैं।**

**नहाने वाले साबुन की कीमतों में 7-8 फीसदी का उछाल**

पाम ऑयल, कॉफी, और कोको जैसे कच्चे माल की कीमतों में उछाल का असर देखने को मिल रहा है। विप्रो कंज्यूमर केयर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंडस्ट्री के सभी बड़े ब्रांड्स ने लगभग 7-8 फीसदी की मूल्य वृद्धि की है।

विप्रो कंज्यूमर केयर भी साबुन की कीमतों में संशोधन किया है। पाम ऑयल की कीमतें सितंबर से लगभग 35-40 फीसदी तक बढ़ चुकी हैं। इसे उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ने की संभावना है, खासकर साबुन और चाय के दामों में।

एचयूएल और विप्रो जैसी कंपनियां इस बढ़ोतरी का सीधा असर उपभोक्ताओं की जीवनशैली पर देख रही हैं। इस महंगाई तंत्र से सबसे ज़्यादा प्रभावित होंगे दलित वर्ग के लोग, जिनकी आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर है। अब उन्हें और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### देवबंद से...

अब एटीएस मोहम्मद अब्दुल्ला की बीवी की भी जानकारी खंगाल रही है।

एटीएस ने उसके पास से मोबाइल फोन, तीन मेमोरी कार्ड, अब्दुस सलाम मंडल के नाम का आधार, वोटर और पैन कार् के साथ यूएनएचसीआर (संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी) का कार्ड और 1070 रुपए कैश बरामद किए हैं। मोहम्मद अब्दुल्ला के ऊपर एटीएस के थाना लखनऊ में पहले भी केस दर्ज है। यह केस सहारनपुर के देवबंद से गिरफ्तार घुसपैठियों के नेटवर्क से जुड़े होने के आरोप में दर्ज हुआ था। इस केस के अन्य आरोपी अबू सलेह मंडल, अब्दुल्ला गाजी और शेख नजीबुल हक हैं।

### बांग्लादेश...

पाया गया। उसी आधार कार्ड के जरिए वह भारत का पासपोर्ट हासिल करने की कोशिश में लगा था।

### टीएमसी नेता...

पूछताछ में वह यह बताने में विफल रहा कि उसके पास ये सामग्री कहां से पहुंची और उसे वह किसे देने जा रहा था। अधिकारियों का कहना है कि जब्त की गई रेडियो एक्टिव सामग्री की कीमत बाजार में करीबन 17 करोड़ रुपए है। पुलिस ने आरोपी का घर सील कर दिया है। मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है।

टीएमसी नेता के पति के सैन्य दस्तावेजों और रेडियो एक्टिव सामग्री के साथ पकड़े जाने के मामले में तृणमूल कांग्रेस चुप्पी साधे हुई है। इस गिरफ्तारी पर टीएमसी की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है और न ही इस सिलसिले में पार्टी ने कोई कार्रवाई की है। खुफिया एजेंसियों को अंदेशा है कि रेडियोएक्टिव मैटीरियल का इस्तेमाल परमाणु से जुड़े किसी गुप्त प्रयोग के लिए किया जाने वाला था। इसकी अधिक संभावना है कि सैन्य दस्तावेज और रेडियोधर्मी सामग्री बांग्लादेश या बांग्लादेश के जरिए पाकिस्तान भेजी जा रही हो। केंद्रीय खुफिया एजेंसियां मामले की गहराई से छानबीन में लगी हैं।

### पांच मंत्रालय में...

और देवेंद्र फडणवीस से अलग-अलग मुलाकात की थी। पवार के साथ बैठक में एनसीपी के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष सुनील तटकरे भी शामिल थे। सीट बंटवारे के जिस फॉर्मूले पर चर्चा हुई, उस पर सहमति नहीं बन पाई। लंबे समय तक चले मंथन के बाद शाह ने महायुति के सदस्यों को विभागों की गुत्थी सुलझाने के लिए मुंबई में फॉर्मूला तय करने के लिए कहा है। सूत्रों के मुताबिक विभाग बंटवारे पर सहमति के बाद ही सरकार गठन के दिशा में आगे बढ़ने का निर्णय लिया गया है।भाजपा के प्रस्ताव पर सहमति बनी तो एनसीपी (अजीत) को घाटा उठाना होगा। पार्टी एनसीपी को डिप्टी सीएम पद तो देना चाहती है, मगर वित्त मंत्रालय अपने पास रखना चाहती है। वहीं, एनसीपी गृह, वित्त, राजस्व, कार्मिक और लोक निर्माण में हिस्सेदारी चाहती है। हालांकि भाजपा उसे इनमें से एक भी मंत्रालय नहीं देना चाहती। इसके अलावा एनसीपी को अधिकतम आठ विभाग ही देना चाहती है।सीएम पद छोड़ने के बदले भाजपा ने शिवसेना (शिंदे) के समक्ष डिप्टी सीएम का पद और लोकनिर्माण समेत अधिकतम 12 विभाग देने का प्रस्ताव दिया है। शिंदे गृह मंत्रालय भी चाहते हैं। चर्चा यह भी है कि शिंदे विधान परिषद अध्यक्ष का पद भी चाहते हैं। इसके उलट भाजपा टॉप पांच में से चार मंत्रालय अपने पास रखना चाहती है। महायुति के नेताओं को विभाग बंटवारे का फैसला करके आने के लिए कहा गया है।

दिल्ली में बैठक के बाद एकनाथ शिंदे सीधे सतारा में अपने गांव दरे चले गए। इस कारण शुक्रवार को मुंबई में होने वाली महायुति की बैठक नहीं हो पाई। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के सीएम पर एक-दो दिन में फैसला होगा। शिंदे ने कहा कि वह सरकार गठन में बाधा नहीं बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शाह के किए निर्णय का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शाह व नड्डा के साथ बैठक अच्छी रही। हमारा गठबंधन पूरी तरह सकारात्मकता से भरा है और हम जनता के जनादेश का सम्मान करेंगे।शिवसेना नेता संजय शिरसत ने कहा कि अगर निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री का पद स्वीकार नहीं करते हैं तो यह पद उनकी पार्टी के किसी नेता को दिया जाएगा। शिरसत ने यह भी कहा कि शिंदे निश्चित रूप से केंद्रीय मंत्री के रूप में केंद्र में नहीं जाएंगे।

### धमाकों के जरिए ...

जांच में आतंकी वारदात व बम धमाका होने जैसी कोई बात सामने नहीं आई, इस कारण जांच स्पेशल सेल को नहीं दी गई। दूसरे धमाके के मामले में भी प्रशांत विहार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। हालांकि, बाकी एजेंसियां भी जांच कर रही हैं।दिल्ली के प्रशांत विहार में धमाके के बाद शुक्रवार को घटनास्थल पर पुलिस ने आवाजाही रोक दी और सभी दुकानें आदि बंद रहीं। पुलिस ने दुकानों और घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच 20 अक्टूबर को सीआरपीएफ स्कूल की दीवार पर हुए धमाके से जोड़कर की जा रही है। धमाके की जांच पुलिस के साथ केंद्रीय एजेंसियां भी कर रही हैं, लेकिन अभी कुछ भी ऐसा हासिल नहीं हो सका है जिससे यह कहा जाए कि धमाका किसने और क्यों किया। पुलिस की स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच के अलावा एफएसएल रोहिणी, एनएसजी और एनआईए की टीमों ने नमूने आदि लिए हैं। पांच किलोमीटर के दायरे में जितने लोगों के मोबाइल संचालित हुए उन सभी का डंप डाटा लिया गया है। इससे जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है। जिस जगह पर धमाका हुआ है, वहां गाड़ियां खड़ी थीं और कूड़ा पड़ा था। इस बीच किसी ने विस्फोटक वहां पर रखा, कूड़े से ढंक दिया।प्रशांत विहार में ही सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के 40 दिन बाद बृहस्पतिवार को हुआ धमाका कम तीव्रता वाला था। इस दौरान एक टेंपो चालक घायल हो गया था। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर विस्फोटक सामग्री डालने या लगाने वाले आरोपियों की पहचान की जा रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और स्थानीय पुलिस की 12 टीमें इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली रही हैं। इसके अलावा पुलिस धमाके की सूचना देने वाले अधिवक्ता नितिन ठाकुर समेत 50 लोगों के बयान दर्ज कर चुकी है। इसमें स्थानीय निवासियों के साथ-साथ सफाईकर्मियों और सुरक्षा गार्ड शामिल हैं।

### मारे गए दंगाइयों...

मदद देने की घोषणा करके अपना असली एजेंडा एक बार फिर जाहिर कर दिया।सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा कि मृतकों के परिजनों के साथ पार्टी की गहरी संवेदनाएं हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने परिजन की मदद करने की घोषणा की है। सहायता राशि परिजनों को जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। समाजवादी पार्टी का तुष्टिकरण इतने पर भी थमा नहीं, सपा ने बड़ी बेशर्मी से सरकार से भी यह मांग कर दी कि मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद करे। 24 नवंबर को संभल की जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान संभल में बवाल किया गया था। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई थी। कई लोग घायल हुए थे। यहां तक कि डिप्टी एसपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गए थे। इसके बाद से वहां पर स्थिति तनावपूर्ण है। इसके बावजूद अखिलेश यादव ओछी राजनीति पर उतारू हैं।संभल की आग में घी डालने का काम समाजवादी पार्टी लगातार कर रही है। शनिवार की सुबह विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के घर के बाहर पुलिस लगा दी गई। साथ ही विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव के डालीबाग स्थित आवास के बाहर भी पुलिस तैनात कर दी गई। सपा के डेलिगेशन को संभल जाना था। इससे पहले ही नेताओं के घरों के बाहर पुलिस बन तैनात कर दिया गया है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सपा का 15 सदस्यीय डेलिगेशन संभल जाने वाला था। सपा नेता संभल में पीड़ितों से मिलकर जानकारी जुटाने की बात कह रहे थे। इसके बाद इसकी जानकारी सपा मुखिया के साथ साझा करना था। उनके निकलने से पहले ही पुलिस उनके घरों के बाहर तैनात मिली।

### नमाज पर...

इस मस्जिद में कुल 70 स्तंभ हैं। ये स्तंभ उन मंदिरों के हैं, जिन्हें धवस्त कर दिया गया था, लेकिन स्तंभों को वैसे ही रहने दिया गया था। इन स्तंभों की ऊंचाई करीब 25 फीट है और हर स्तंभ पर खूबसूरत नक्काशी की गई है। 90 के दशक में यहां कई प्राचीन मूर्तियां ऐसे ही बिखरी पड़ी थीं, जिन्हें बाद में संरक्षित किया गया।

अढ़ाई दिन का झोपड़ा नाम की लंबी कहानी है। माना जाता है कि तब मोहम्मद गोरी पृथ्वीराज चौहान को हराने के बाद अजमेर से गुजर रहा था। इसी दौरान उसे वास्तु के लिहाज से बेहद उम्दा हिंदू धर्मस्थल नजर आए। गोरी ने अपने सेनापति कुदुबुद्दीन ऐबक को आदेश दिया कि इनमें से सबसे सुंदर स्थल पर मस्जिद बना दी जाए। गोरी ने इसके लिए 60 घंटों यानी ढाई दिन का वक्त दिया। गोरी के दौरान हेरात के वास्तुविद अबु बकर ने इसका डिजाइन तैयार किया था। जिसपर हिंदू ही कामगारों ने 60 घंटों तक लगातार बिना रुके काम किया और मस्जिद तैयार कर दी।

### दरगाह मामले के ...

नई दिल्ली के बाराखंबा थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विष्णु गुप्ता ने कहा कि ऐसी धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, हम ऐसे धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। हम कानून के दायरे में रहकर काम कर रहे हैं और कोर्ट जाना हमारा अधिकार है। अजमेर दरगाह संकट मोचन महादेव मंदिर था, है और रहेगा। हम अपने मंदिरों को वापस लेने के लिए न्यायालय के माध्यम से संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कोर्ट के जरिए अपने मंदिरों को वापस लेने का संकल्प दो-हराया।गौरतलब है कि विष्णु गुप्ता ने अजमेर दरगाह में प्राचीन शिव मंदिर की मौजूदगी का दावा करते हुए केस दर्ज कराया था।

कोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार कर 20 दिसंबर को सुनवाई की तारीख तय की है। अजमेर दरगाह में महादेव मंदिर होने के दावे पर विष्णु गुप्ता ने अदालत में याचिका दाखिल की है। उन्होंने आरोप लगाया कि संकट मोचन महादेव मंदिर को तोड़कर वहां दरगाह बनाई गई। इस मामले में अदालत ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर 20 दिसंबर 2024 को सुनवाई की तारीख तय की है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 01 दिसंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# रेवंत ने फसल ऋण माफी योजना पर मोदी और केसीआर को चुनौती दी





**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को महबूबनगर में रायतु पंडुगा जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला बोला। बड़ी संख्या में मौजूद उत्साही लोगों की तालियों के बीच उन्होंने दोनों नेताओं को फसल ऋण माफी योजना के क्रियान्वयन पर खुली बहस की चुनौती दी और अपनी सरकार की पहले साल की उपलब्धियों को उजागर किया। रेड्डी ने कांग्रेस सरकार द्वारा फसल ऋण में 21,000 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक माफी पर प्रकाश डाला, जिससे सत्ता में आने के एक साल के भीतर 25 लाख से अधिक किसानों को लाभ हुआ।

उन्होंने कहा, मोदी और राव साबित करें कि क्या भारत में किसी अन्य सरकार ने ऐसा कारनामा किया है।

मैं बहस के लिए तैयार हूं - कहीं भी, यहां तक कि विधानसभा में भी, उन्होंने कांग्रेस सरकार की मुफ्त बिजली, किसान बीमा और धान की अच्छी किस्मों के लिए 500 रुपये के बोनस जैसी पहलों के माध्यम से किसानों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया। लागचारला में एक औद्योगिक पार्क के लिए भूमि अधिग्रहण के विवादास्पद मुद्दे को संबोधित करते हुए उन्होंने किसानों को उचित मुआवजे का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि हम बाजार मूल्य से तीन से चार गुना अधिक यानी 20 लाख रुपये प्रति एकड़ देने को तैयार हैं। इस विकास से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।

हमें राजनीतिक बाधाओं के बजाय प्रगति को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने किसानों और युवाओं से बीआरएस के जाल में न फंसने और विकास प्रक्रिया में बाधा न डालने की अपील की। रेड्डी ने वादा किया कि चाहे कुछ भी हो जाए, वे लागचार्ला में औद्योगिक पार्क की स्थापना को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने चंद्रशेखर राव, के.टी. रामा राव और टी. हरीश राव सहित बीआरएस और उसके नेताओं पर राज्य के विकास में बाधा डालने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी साजिशें हमें नहीं रोक पाएंगी। विकास अपरिहार्य है।




### माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट का

## आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना कैम्प 14 को

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का कैम्प आयोजित करने का निर्णय लिया है ।

यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा ट्रस्ट के प्रचार व प्रसार संयोजक मुकुंदलाल अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 5 लाख रुपये की मेडिकल इन्शुरन्स देने का निर्णय लिया है। जिसके कार्ड बनवाने हेतु माँ दुर्गा की कृपा संस्था चैरिटेबल ट्रस्ट ने शनिवार 14 दिसंबर को मध्याह्न 12 बजे से 4 बजे तक एक कैम्प वैदिक वाचनालय, घाँसी बाज़ार में आयोजित करने का निर्णय लिया है । ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विनय किशोर तायल एवं एडवोकेट हेमा मालिनी तायल से संपर्क कर अपना नाम पंजीकृत (रजिस्ट्रेशन) करवा सकते हैं । कार्ड का रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा । सभी स्थानीय निवासियों से आग्रह किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क सेवा का लाभ प्राप्त करें।

अधिक जानकारी हेतु कार्यक्रम के संयोजक मुकुंद लाल अग्रवाल 9396222880 से संपर्क किया जा सकता है।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत शुक्रवार को स्व. श्रीमती संतोषी अग्रवाल की स्मृति में एवं हर्षल-अतिदि अग्रवाल की वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर -सतीश गुप्ता, आशा अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवालख महेश अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, भगतराम गोयल, दिनेश गोयल, मनीष फिटकारीवाला, सोनू फिटकारीवाली, संजय अग्रवाल, सविता अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, रविंदर गुप्ता (जीओपी भाई), ख्याति गोयल, अवतार गोयल, अनन्या गुप्ता, पयांशी गुप्ता, नंदकिशोर अग्रवालसुशील गुप्ता एवं अन्य राधे राधे ग्रुप सदस्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के तत्वावधान में नराकास-2 की बैठक सम्पन्न



**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान के तत्वावधान में राष्ट्रीय वनस्पति स्वास्थ्य प्रबंधन संस्थान, हैदराबाद द्वारा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास-2) हैदराबाद की अर्धवार्षिक बैठक दिनांक 28 नवम्बर, 2024 को आयोजित की गई। बैठक काशुभारंभ गणेश वंदना तथा दीप प्रज्जवलन से हुआ ।

बैठक नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डॉ. ज्योतिस सत्यपालन, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (सीडीसी), एनआईआरडीपीआर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. सागर हनुमान सिंह, महानिदेशक, एनआईपी एचएम, श्रीमती स्फूर्थि रेड्डी, आईआरएस, रजिस्ट्रार, एनआईपीएचएम, डॉ. अनिर्वान विश्वास, उप निदेशक (रा.भा.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, बेंगलूरू (ऑन लाईन पर), श्रीमती बेला, उप निदेशक (रा.भा.), हिन्दी शिक्षण योजना, सिकन्दराबाद तथा श्रीमती अनिता पांडे, सहायक



निदेशक (रा.भा.), एनआईआरडीप-ीआर सहित अधिकांश कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष / कार्यपालकों तथा हिंदी अनुवादक एवं अधिकारीयों ने इस बैठक में भाग लिया। श्रीमती स्फूर्थि रेड्डी, रजिस्ट्रार, एनआईपीएचएम ने मंचासीन अधिकारियों के साथ उपस्थित सभी कार्यपालकों का स्वागत किया।एनआईपीएचएम के महानिदेशक द्वारा नराकास-2 के अध्यक्ष का संस्थान में स्वागत के पश्चात् डॉ. चंद्रशेखर गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी ने एनआईपीएचएम के सम्बन्ध में विस्तार से पीपीटी को हिन्दी भाषा में प्रस्तुत किया ।

आगे, डॉ. अनिर्वान विश्वास, उप निदेशक (रा.भा.), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, बैंगलुरू ने (ऑनलाइन) बताया कि राजभाषा विभाग, नई दिल्ली राजभाषा तथा क्षेत्रीय भाषाओं को गंभीरता से ले रहा है तथा इस वर्ष हिंदी दिवस के अवसर पर दिल्ली में भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना भी की गयी। उन्होंने धारा 3 (3), पत्राचार और छमाही रिपोर्ट को भरने सम्बन्धी महतवपूर्ण निर्देश दिए ।

डॉ. सागर हनुमान सिंह, महानिदेशक, एनआईपीएचएम ने संस्थान की हिन्दी के प्रगामी प्रयोग की जानकारी दी तथा हिन्दी के कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान राजभाषा विभाग के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए धारा 3 (3) का शत प्रतिशत अनुपालन, सभी प्रशिक्षण मैन्युअल का हिंदी अनुवाद, कार्यशालाओं का नियमित आयोजन तथा अधिकारीयों और कर्मचारियों को हिंदी शिक्षण योजना से प्रशिक्षित करवाया जा रहा है।

श्रीमती अनीता पाण्डे, सदस्य सचिव नराकास 2 ने शील्ड के लिए विभिन्न संस्थानों से प्राप्त छमाही रिपोर्टो के मूल्यांकन के लिए अपनाये गए मानदंडों से सभी को अवगत कराया तथा सभी कार्यालयों से भविष्य में इन मानदंडों को ध्यान में रखते हुए समय पर रिपोर्ट नराकास - 2 को भिजवाने का अनुरोध किया ।डॉ. ज्योतिस सत्यपालन, प्रोफेसर एवं हेड तथा नराकास अध्यक्ष ने कहा कि नराकास के गठन का उद्देश्य नगर में स्थित केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं को दूर करना और बेहतर कार्य कर रहे कार्यालयों का अनुसरण कर राजभाषा हिंदी को आगे बढ़ाना है। अध्यक्ष महोदय के करकमलों से सर्वोत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए शील्ड प्रदान किये गए । भारतीय रसायन प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान कुक्कुट पालन अनुसंधान परियोजना ने शील्ड प्राप्त किये ।इसके अलावा मंचासीन अतिथियों ने नराकास ने उन पांच आयोजक कार्यालयों को भी स्मृति चिह्न एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए जिन्होंने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति -2 की बैठकों का आयोजन किया ।तत्पश्चात् श्रीमती बेला, उप निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना ने भी अपने सम्बोधन में प्रशिक्षण पर बल दिया तथा अधिक से अधिक नामांकन प्रेषित करने का अनुरोध किया ।नराकास -2 के सदस्य कार्यालय राष्ट्रीय मांस अनुसन्धान संस्थान की पुस्तक अर्पिष का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया । यह पुस्तक किसानों, हितधारकों और छात्रों के लिए उपयोगी है।अंत मेंविजय कुमार शॉव, हिन्दी अधिकारी एनआईपीएचएम ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । डॉ. मोहन राठोड, हिंदी अनुवादक एनआईपीएचएम एवं ई. रमेश, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक, एनआईआरडीपीआर ने बैठक का संचालन किया। दोनों संस्थान के राजभाषा कर्मियों तथा एनआईपीएचएम के सम्पूर्ण सहयोग से बैठक का आयोजन किया गया ।






मां बनभौरी परिवार भाग्यनगर की महिला समिति की एक बैठक शनिवार को होटल चिटनीस में सम्पन्न हुई। इसमें आगामी 5 जनवरी, 2025 को होने वाले माता के अमृत महोत्सव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे।



ाउंडेशन की 11वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर प्रसिद्ध कवि प्रसन्ना को समाजसेवी अमृत कुमार जैन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवभारत निर्माण संघ के अध्यक्ष एस रवि कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता सी. संजय, कवयित्री श्रीमती सुधा तखुर और अन्य ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया।

### नेहपाल सिंह वर्मा की 88वीं जयंती पर

## कवियों के ख़ाके पुस्तक व तृतीय कवि सम्मेलन आज

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी लेखक संघ हैदराबाद और गीत चाँदनी के संयुक्त तत्वावधान में कीर्तिशेष नेहपाल सिंह वर्मा की 88वीं जयंती के अवसर पर श्री नेहपाल सिंह वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक कवियों के ख़ाके का लोकार्पण व तृतीय कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार, 1 दिसंबर को दिन में 12-30 बजे से ईएसआई अस्पताल के बाजू, नाचारम, हैदराबाद में संपन्न होगा।आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए गीत चांदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता मिलिंद प्रकाशन की संचालिका श्रीमती विभा भारती करेंगी। डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव कवियों के ख़ाके पुस्तक का लोकार्पण करेंगी। पुस्तक के पुरोवाक् लेखक डॉ. राजनारायण अवस्थी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर नगर के कवि काव्य पाठ कर वरिष्ठ कवि नेहपाल सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता गीतकार चंपालाल बैद और संचालन कवि श्री गोविंद अक्षय करेंगे। इस अवसर पर सभी अतिथियों, कवियों और सहयोगियों का स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ से पहले 12-30 बजे से भोजन की व्यवस्था रहेगी। सभी से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित रहने का निवेदन किया गया है।



# हैदराबाद में जल निकायों पर अतिक्रमण का संकट : रंगनाथ

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) के आयुक्त ए वी रंगनाथ ने हैदराबाद में जल निकायों की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की, उन्होंने खुलासा किया कि 60 प्रतिशत से अधिक पर अतिक्रमण किया गया है।



शहरी जैव विविधता पर राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोलते हुए, रंगनाथ ने शहर के जल निकायों, पार्कों और खुले स्थानों की सुरक्षा के लिए हाइड्रा की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

रंगनाथ ने बढ़ते अतिक्रमणों के लिए भूमि की बढ़ती कीमतों को जिम्मेदार ठहराया और शहर के जल निकायों की व्यापक गणना की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा, हाइड्रा बेहतर प्रबंधन और सुरक्षा के लिए सक्रिय रूप से एक विस्तृत डेटाबेस बना रहा है, और राज्य सरकार के समर्थन से, हम इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।

भारत की पहली जैव विविधता विरासत स्थल के रूप में पहचानी जाने वाली अमीनपुर झील को अतिक्रमण हटाने के लिए प्राथमिकता दी गई है। रंगनाथ ने अपशिष्ट, सीवेज और औद्योगिक कचरे से होने वाले प्रदूषण के बारे में भी चिंता जताई, सख्त प्रतिबंधों को लागू करने और प्रदूषण को रोकने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ समन्वित कार्रवाई पर जोर दिया। उन्होंने हैदराबाद के महत्वपूर्ण हरे और नीले पारिस्थितिकी तंत्रों की मजबूत सुरक्षा और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करने, आम जगहों की सुरक्षा के लिए समर्पित हाइड्रा पुलिस स्टेशन स्थापित करने की योजना की भी घोषणा की। अपने समापन भाषण में, राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण के अध्यक्ष सी अचलेंद्र रेड्डी ने शहरी नियोजन में हरे और नीले स्थानों को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने तेलंगाना के तेजी से हो रहे शहरीकरण पर प्रकाश डाला, जो राष्ट्रीय औसत से आगे निकल गया है, और जैव विविधता के लिए इसके निहितार्थ हैं। रेड्डी ने चर्चा को सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) लक्ष्य 11 और कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता रूपरेखा (केएम-जीबीएफ) लक्ष्य 12 जैसे वैश्विक ढाँचों के साथ जोड़ा, जो मानव कल्याण और संरक्षण के लिए शहरी हरित स्थानों को बढ़ाने की वकालत करते हैं। वित्तीय चुनौतियों को संबोधित करते हुए रेड्डी ने बताया कि राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण जैव विविधता संरक्षण के लिए समर्पित निधि सुरक्षित करने के लिए रणनीति तैयार कर रहा है, जिसका उद्देश्य शहरी पारिस्थितिकी प्रणालियों के लिए एक स्थायी भविष्य बनाना है। यह सम्मेलन हैदराबाद के तेजी से बढ़ते शहरी विकास और पारिस्थितिक चुनौतियों के बीच शहरी जैव विविधता को संरक्षित करने पर महत्वपूर्ण चर्चाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

## अभियंता के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने हैदराबाद के सिंचाई विभाग में कार्यरत निलंबित सहायक कार्यकारी अभियंता हेरूर निकेश कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) का मामला दर्ज किया है। अधिकारी पर अपने कार्यकाल के दौरान अवैध तरीकों से आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। एईई के आवास और उनसे तथा उनके रिश्तेदारों से जुड़े 19 अन्य स्थानों पर तलाशी ली गई। इन तलाशियों में पांच आवासीय भूखंड, 6.5 एकड़ कृषि भूमि, छह फ्लैट और दो व्यावसायिक स्थानों के संपत्ति दस्तावेज बरामद हुए। शनिवार को एसीबी के बयान के अनुसार, एकत्रित चल और अचल संपत्तियों का आधिकारिक मूल्यांकन 17.73 करोड़ रुपये है, हालांकि माना जाता है कि उनका बाजार मूल्य काफी अधिक है।

# आंगनवाड़ी केंद्रों को समय पर दूध आपूर्ति सुनिश्चित करें : सीताक्का



**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डॉ. दानसारी अनसूया सीताक्का ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे आरोग्य लक्ष्मी योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों, खासकर दूरदराज के इलाकों में, को निर्बाध और समय पर दूध की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शनिवार को सचिवालय में विभाग के अधिकारियों और विजया डेयरी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री सीताक्का ने दूध आपूर्ति में कमी को दूर करने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

आरोग्य लक्ष्मी योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को प्रतिदिन 200 मिलीलीटर दूध उपलब्ध कराया जाता है, जिसमें विजया डेयरी टेट्रा पैक की आपूर्ति करती है।दिसंबर से अब तक 1.67 करोड़ लीटर दूध का ऑर्डर दिया गया, जिसमें से 1.56 करोड़ लीटर (94 प्रतिशत) की आपूर्ति की गई। मंत्री ने कुछ केंद्रों को आपूर्ति में देरी पर असंतोष व्यक्त किया और मांग को पूरा करने की विजया डेयरी की क्षमता पर सवाल उठाया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तीन महीने के भीतर समस्या बनी रहती है तो सरकार वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं पर विचार करेगी।सीताक्का ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए दोहरी प्रतिबद्धता दोहराई, क्योंकि विजया डेयरी स्थानीय किसानों से दूध खरीदती है और महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करती है। उन्होंने दूध की गुणवत्ता का निरीक्षण किया और संतोष व्यक्त किया, लेकिन विजया डेयरी द्वारा प्रस्तावित मूल्य वृद्धि को तब तक अस्वीकार कर दिया जब तक कि आपूर्ति निरंतर नहीं हो जाती। मंत्री ने पौष्टिक और स्वस्थ तेलंगाना बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और सभी हितधारकों से इस लक्ष्य के साथ जुड़ने का आग्रह किया।

# टीटीडी ने 3 दिसंबर को श्रीवारी दर्शन कराने का फैसला किया



**तिरुमाला, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

स्थानीय लोगों को 3 दिसंबर को तिरुमाला में श्रीवारी दर्शन कराए जाएंगे। टीटीडी ने शनिवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि खराब मौसम के कारण टीटीडी द्वारा पहले घोषित 1 दिसंबर की बजाय 2 दिसंबर को तिरुपति के महाथी ऑडिटोरियम और तिरुमाला के सामुदायिक हॉल में सुबह 5 बजे टोकन जारी किए जाएंगे।टीटीडी बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने 18 नवंबर को बीआर नायडू की अध्यक्षता में आयोजित अपनी पहली बैठक में हर महीने के पहले मंगलवार को स्थानीय लोगों को श्रीवारी दर्शन कराने का फैसला किया।

इसके लिए टीटीडी 3 दिसंबर (पहले मंगलवार) को स्थानीय लोगों को दर्शन कराने की व्यवस्था कर रहा है।

तिरुपति शहरी, तिरुपति ग्रामीण, चंद्रगिरी, रेनिगुंटा मंडलों के साथ-साथ तिरुमाला के स्थानीय निवासी अपना मूल आधार कार्ड दिखाकर टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

## तिरुमाला में राजनीतिक भाषणों पर प्रतिबंध : टीटीडी

**तिरुमाला, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने तिरुमाला की पवित्रता और आध्यात्मिक शांति की रक्षा के लिए तिरुमाला में राजनीतिक और नफरत फैलाने वाले भाषणों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।पवित्र तिरुमाला दिव्य मंदिर, जो हमेशा गोविंदा नाम से गूंजता रहता है, में हाल के दिनों में, कुछ व्यक्तियों और राजनीतिक नेताओं ने तिरुमाला मंदिर में दर्शन के बाद मंदिर के सामने मीडिया के सामने राजनीतिक और नफरत फैलाने वाले बयान दिए, जिससे तिरुमाला में आध्यात्मिक माहौल खराब हुआ, टीटीडी ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा।इस संदर्भ में, टीटीडी बोर्ड ने तिरुमाला की पवित्रता की रक्षा के लिए राजनीतिक और नफरत फैलाने वाले भाषणों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है।टीटीडी ने सभी से अपने फैसले में सहयोग करने की अपील भी की है।

यह सूचित किया जाता है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ टीटीडी द्वारा कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# चक्रवात फेंगल के कारण तेलंगाना में भारी बारिश और तूफान आने की आशंका

हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

भारतीय मौसम विभाग ने चक्रवात फंगल के आसन्न प्रभाव के बारे में चेतावनी जारी की है, जो बंगाल की खाड़ी के तट को पार करने वाला है। चक्रवात के तेलंगाना के कई क्षेत्रों को प्रभावित करने का अनुमान है, सप्ताहांत में विभिन्न जिलों में गरज के साथ छिटपुट बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि तेलंगाना के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश और तेज़ हवाएँ चलेंगी, खासकर मुलुगु, भद्राद्री, खम्मम, सूर्यपेट, महबूबाबाद, नलगोंडा, वारंगल और हनमाकोंडा जिलों में। ये मौसम की स्थिति शनिवार, रविवार और सोमवार को भी बनी रहने की उम्मीद है।रविवार और सोमवार को बारिश के लिए कई जिलों में अलर्ट जारी किया गया है, जिनमें करीमनगर, पेड्डापल्ली, जयशंकर भूपलपल्ली, जंगों, सिद्दीपेट, यादाद्री भुवनागिरी और हैदराबाद शामिल हैं। खचऊने इन क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें निवासियों को मौसम की स्थिति विकसित होने पर सतर्क रहने की चेतावनी दी गई है।इसके अलावा, आईएमडी ने बताया कि इस मौसम पैटर्न के कारण नवंबर के अंत में भारी बारिश हो सकती है। चक्रवात फंगल वर्तमान में 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है और 30 नवंबर की दोपहर के बाद तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों पर कराईकल और महाबलीपुरम के बीच भूस्खलन का अनुमान है। जैसे-जैसे यह समुद्र तट के करीब पहुंचेगा, हवा की गति 70 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की उम्मीद है। चक्रवात के प्रक्षेप पथ के मद्देनजर, रायलसीमा और तटीय आंध्र क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है, जबकि कुछ क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर बारिश होने की संभावना है।

# सुंदर पिचाई के खिलाफ जारी हुआ अवमानना नोटिस

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुंबई मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत के न्यायाधीश एयू बहिर ने एनजीओ ध्यान फाउंडेशन और गुरु योगी अश्विनी के खिलाफ अपमानजनक, अश्लील वीडियो हटाने से इनकार करने पर गूगल पर अवमानना नोटिस जारी किया।प्रेस को जारी विज्ञप्ति में एडवोकेट राजू गुप्ता ने बताया कि पिछले 7 महीनों से गूगल (जिसका प्रतिनिधित्व सुंदर पिचाई कर रहे हैं) केस को मामूली आधार पर टाल कर जानबूझ कर देरी की रणनीति अपना रहा था। ध्यान फाउंडेशन और योगी अश्विनी जी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने पर गूगल केस के स्थगन की मांग कर रहा था।

देश में सख्त आईटी कानूनों और कई शिकायतों के बावजूद गूगल भूखी गायों और नंदियों की पीड़ा की कीमत पर वेबसाइट पर अपमानजनक सामग्री जारी रख राजस्व अर्जित कर रहा था। ज्ञात हो कि इन गोवंश को ध्यान फाउंडेशन ने तस्करी और अवैध कटाई के मामलों से पुनर्वासित किया था।

सुनवाई के दौरान तर्क दिया गया कि उक्त रूपांतरित वीडियो को श्री सतपाल दहिया द्वारा गाय माफिया से जुड़े होने के कारण छेड़छाड़, डिजाइन और प्रकाशित किया गया था। उन पर यौन उत्पीड़न, मानहानि और यहां तक कि घरेलू हिंसा के लिए कई एफआईआर दर्ज की गई थीं। उस पर अवैध हथियार रखने का भी आरोप लगाया गया । वह आज तक फरार है और बॉम्बे, हरियाणा, तेलंगाना और दिल्ली पुलिस से बचता फिर रहा है।कोर्ट के आदेश के बावजूद यूट्यूब ने इस अश्लील झूठे वीडियो को नहीं हटाया। इस कदम के खिलाफ एडवोकेट बॉम्बे हाई कोर्ट के राजू गुप्ता ने अवमानना का मामला दायर किया । अदालत ने आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए 31 मार्च, 2023 के आदेश का पालन नहीं करने के लिए सुंदर पिचाई को अवमानना नोटिस जारी किया है।

# महबूबाबाद में दिखी दुनिया की सबसे छोटी जंगली बिल्ली

**संगारेड्डी, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



दुनिया की सबसे छोटी जंगली बिल्ली मानी जाने वाली रस्टी स्पॉटेड बिल्ली शनिवार सुबह महबूबाबाद जिले में देखी गई। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्वारा खतरे की श्रेणी में रखी गई यह बिल्ली तेलंगाना में बहुत कम देखी जाती है।नरसिंहुलपेट मंडल के कौसल्यादेवीपल्ली में किसानों ने इस बिल्ली को देखा, जिसका आकार केवल काले पैरों वाली बिल्ली से ही मुकाबला करता है। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने इसे बचाया।जिला वन अधिकारी विशाल ने कहा कि उन्होंने बिल्ली की मेडिकल जांच के बाद उसे रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में छोड़ दिया और पाया कि वह स्वस्थ है और उसे कोई चोट नहीं लगी है।विशाल ने कहा कि वे इस दुर्लभ बिल्ली को क्षेत्र में देखकर बहुत खुश हैं।

# बुर्रा वेंकटेशम को टीजीपीएससी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**




तेलंगाना सरकार ने शनिवार को आईएएस और शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव बुर्रा वेंकटेशम को चार साल के कार्यकाल के लिए तेलंगाना लोक सेवा आयोग (टीजीपीएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया।यह नियुक्ति ऐसे समय में की गई है, जब मौजूदा अध्यक्ष महेंद्र रेड्डी का कार्यकाल 3 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पिछड़ा वर्ग (बीसी) समुदाय के सदस्य वेंकटेशम का चयन सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारियों और शिक्षाविदों सहित 45 आवेदकों में से किया गया।मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने नियुक्ति की फाइल राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा को भेजी, जिन्होंने इसे मंजूरी दे दी।सूत्रों ने बताया कि वेंकटेशम ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति सेवा (वीआरएस) के लिए आवेदन किया है और आधिकारिक तौर पर 2 दिसंबर को पदभार ग्रहण करेंगे।

**NOTICE**

**ESM WET CANTEEN AT TASA URC MAIN SEC BAD:** A Wet Canteen is planned to be opened at Golden Palm URC at Gough Road, Secunderabad. All interested persons preferably ESM are requested to approach and submit application forms within 6 days to operate wet canteen at Golden Palm URC, HQ TASA which is located in Gough Road, Secunderabad. Application forms can be collected from Golden Palm URC wef 04 Dec 2024 between 0930 to 1700 hrs. Last date of sub mission of application 10 Dec 2024

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, Jaisingrao Dakare S/o Pundlik Dakare is legally father of ADITI DAKARE R/o Village & Post -Karadga, Tehsil- Nippani, District -Belgaum, PIN-591263, State- Karnataka have changed my Daughter name from ADITI DAKARE to " ADITI JAISINGRAO DAKARE" and DOB is 14/04/2016 add in my service documents vide affidavit dated 30/11/2024 before Notary G Ramchander Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Jaisingrao Dakare S/o Pundlik Dakare is legally father of ADHIRAJ R/o Village & Post -Karadga, Tehsil-Nippani, District -Belgaum, PIN-591263, State- Karnataka have changed my Son name from ADHIRAJ to " ADHIRAJ JAISINGRAO DAKARE" and DOB is 21/11/2021 add in my service documents vide affidavit dated 30/11/2024 before Notary G Ramchander Secunderabad.

# आदमखोर बाघ ने एक और किसान पर किया हमला

**कुमरमभीम/आसिफाबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



कुमरमभीम आसिफाबाद जिला कागजनगर के ईसगांव गांव में बाघ द्वारा एक महिला की हत्या के एक दिन बाद शनिवार को सिरपुर (टी) मंडल के दुब्बागुड़ा गांव में एक किसान पर हमला कर घायल कर दिया। जब बाघ ने उस पर हमला किया जब वह अपने खेत में कपास बीन रहा था स्थानीय लोगों ने बताया कि जब किसान सुरेश कपास की गेंदें चुन रहा था तब बाघ ने उसे मारने की कोशिश की जिससे उसकी गर्दन पर चोट लग गई।

सुरेश ने शोर मचाकर बाघ के जबड़े से खुद को छुड़ाया और किसी तरह बच निकला। उसे तुरंत कागजनगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब उसकी हालत स्थिर बताई गई है। ज्ञात हो कि कागजनगर के गन्नाराम गांव की मूल निवासी 21 वर्षीय मोरले लक्ष्मी की मौत शुक्रवार को तब हो गई जब बाघ ने उस पर तब हमला कर दिया जब वह कपास की गेंदें चुन रही थी। उसे कागजनगर के एक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाघ के लगातार हमलों से कागजनगर मंडल के करीब 15 गांवों के लोगों में दहशत फैल गई है। वन अधिकारियों ने बाघ का पता लगाने और किसी और जनहानि को रोकने के लिए प्रयास शुरू कर दिए है। उन्होंने ड्रोन कैमरे की मदद से आरेगुडा गांव के पास एक बाघ को देखा। इस बीच बाघ द्वारा महिला को मारे जाने के बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। बाघ की आवाजाही से प्रभावित गांवों में मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी कर दी गई है।

DAILY खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन अब मात्र रु.500/- में
साईज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ..................
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .......... Drawn ..........
Name of the Executive..........
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...
A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank
OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Hyderabad Balanagar

# सीएम रेवंत रेड्डी ने तेलंगाना के जल अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए ठोस रणनीति बनाने का आह्वान किया

**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे राज्य को कृष्णा और गोदावरी के जल का उचित हिस्सा सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कदम उठाएं।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों और कानूनी विशेषज्ञों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में, मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के जल हितों की रक्षा के लिए ब्रजेश कुमार ट्रिब्यूनल के समक्ष मजबूत तर्क प्रस्तुत करने के महत्व पर जोर दिया।

सिंचाई मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुई इस समीक्षा में जल आवंटन, सिंचाई परियोजनाओं की स्थिति और समान जल वितरण के लिए आवश्यक रणनीतियों पर अंतर-राज्यीय विवादों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

सीएम रेड्डी ने अधिकारियों से राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अनुसार ट्रिब्यूनल के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए साक्ष्य, रिकॉर्ड और पिछले आदेशों को सावधानीपूर्वक तैयार करने का आग्रह किया।

ट्रिब्यूनल को तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के जल हिस्से और परियोजना-विशिष्ट आवंटन निर्धारित करने का काम सौंपा गया है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रारंभिक राय और साक्ष्य प्रस्तुत किए जा चुके हैं, लेकिन न्यायाधिकरण जल्द ही अपना फैसला सुनाने से पहले दोनों राज्यों की दलीलें सुनेगा।

सीएम रेड्डी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृष्णा बेसिन क्षेत्र का 70 प्रतिशत हिस्सा तेलंगाना में है, जबकि आंध्र प्रदेश में 30 प्रतिशत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तेलंगाना को उपलब्ध 1005 टीएमसी पानी का आनुपातिक 70 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त करने के लिए तर्क दें।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने बताया कि पोलावरम के माध्यम से कृष्णा डेल्टा के लिए गोदावरी के 80 टीएमसी पानी का आंध्र प्रदेश द्वारा उपयोग करने से नागार्जुनसागर के ऊपर 45 टीएमसी पानी का अधिकार तेलंगाना को मिलता है। उन्होंने अधिकारियों से इस आवंटन का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए योजनाएँ विकसित करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री ने कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड (केआरएमबी) और गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड (जीआरएमबी) द्वारा लिए गए निर्णयों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया, जबकि न्यायाधिकरण की जल वितरण प्रक्रिया अधूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे न्यायाधिकरण द्वारा आवंटन को अंतिम रूप दिए जाने तक इन बोर्डों द्वारा हस्तक्षेप न किए जाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष वकालत करें।आंध्र प्रदेश द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से कथित रूप से अपने जल कोटे से अधिक जल का उपयोग करने पर चिंता व्यक्त करते हुए, सीएम रेड्डी ने वैज्ञानिक रूप से जल प्रवाह की निगरानी के लिए एक टेलीमेट्री प्रणाली के तत्काल कार्यान्वयन का आह्वान किया। टेलीमेट्री उपकरण के लिए 12 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत दोनों राज्यों द्वारा समान रूप से साझा की जानी है, जबकि मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि तेलंगाना शुरू में पूरा खर्च वहन कर सकता है और बाद में आंध्र प्रदेश का हिस्सा वसूल सकता है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल उपयोग में असमानताओं को दूर करने के लिए श्रीशैलम, पोथिरेड्डीपाडु, तेलुगु गंगा और अन्य जैसी प्रमुख परियोजनाओं से जल हस्तांतरण के विस्तृत रिकॉर्ड संकलित करने का निर्देश दिया।

# मंत्री ने बाघ के हमले के शिकार पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की



**हैदराबाद, 30 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के वन, पर्यावरण और बंदोबस्ती मंत्री कोंडा सुरेखा ने घोषणा की कि राज्य सरकार ने कोमाराम भीम आसिफाबाद जिले के गन्नाराम मंडल निवासी कल्याणी के परिवार को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसकी कागजनगर के इसगांव में बाघ के हमले में दुखद मौत हो गई थी।

कल्याणी की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि वन विभाग द्वारा एहतियाती कदम उठाए जाने के बावजूद यह घटना घटी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुआवजे के अलावा, शोक संतप्त परिवार को उनकी जरूरतों के आधार पर उचित सहायता दी जाएगी।

मंत्री ने शनिवार को सिरपुर (टी) मंडल के डुब्बागुडेम में सुरेश नामक एक किसान पर हुए एक और बाघ के हमले पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने आसिफाबाद जिला वन अधिकारी (डीएफओ) नीरज से सुरेश की स्थिति के बारे में जानकारी ली, जिन्होंने उन्हें बताया कि प्रारंभिक उपचार के बाद किसान की हालत स्थिर है और उसे उन्नत देखभाल के लिए मंचेरियल जिला अस्पताल में स्थानांतरित किया जा रहा है।


।।श्री गणेशाय नमः।।
रविवार, 01 दिसम्बर 2024 मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर पधारें
श्री आईजी गौशाला
आज रविवार दि. 01 दिसम्बर 2024 को मार्गशीर्ष अमावस्या, मल्कारम, बालाजीनगर (कापरा मंडल) (रजि.न.720/2008)
के अवसर पर सपरिवार पधार कर गौसेवार्थ दान-पुण्य कर लाभ लेवें
आई माताजी भजन मण्डली बालाजी नगर भजन कलाकार अचलाराम हाम्बड़, मोहनलाल भायल महिला भजन मण्डली द्वारा भजन प्रस्तुत किये जायेंगे
आज की महाप्रसादी की व्यवस्था समस्त सीरवी समाज बोड़ उप्पल द्वारा कार्यक्रम स्थल पर रहेगी
पारसमल सरस्वती शर्मा परिवार कुशाईगुड़ा वालों की तरफ से गायों के लिए हरा घास की व्यवस्था की गई हैं
गौशाला के बैंक एकॉउंट में भी दान राशि जमा कराकर पुण्य के भागीदार बनें
(Sri Aaiji Gowshala, SBI A/c Cheeryal A/c No. 62492036580, IFSC : SBIN0020435)
5 के रन फॉर गौमाता मैराथन
आज रविवार, 01 दिसम्बर 2024 को अमावस्या है।
श्री आईजी गौशाला बालाजी नगर जरूर पधारे
गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने हेतु 5 के रन फॉर गौमाता मैराथन में भाग लेकर गौमाता को राष्ट्र माता बनाने की मुहिम का समर्थन करें
:: मुख्य अतिथि ::
गौ भक्त ठाकुर जयपाल सिंह नयाल सनातनी -श्रीमती प्रेमा नयाल
श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट (चेयरमैन), सर्वदलीय गौरक्षा मंच (राष्ट्रीय अध्यक्ष)
देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान (तेलांगना, अध्यक्ष)
निवेदक : श्री आईजी गौशाला के पदाधिकारी व सदस्यगण
अध्यक्ष : मंगलाराम पंवार 9246108583 सचिव : हुक्माराम सानपुरा 9441118022



गायत्री वेद फाउण्डेशन संचालित
श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय श्री गौ सेवा सदन
गायत्री मन्दिर, भास्कर मेडिकल कॉलेज के पास, चिल्कूर, मोईनाबाद, आर. आर. जिला, फोन : 9989994814
श्री गौ सेवा सदन
भारत की तीन पहचान गंगा, गायत्री और गौ माता...
गौ माता की सेवा सबसे सर्वश्रेष्ठ सेवा है...
जिसे हर एक को आत्मसात करना चाहिए...।
– श्रीश्री संविदानंद सरस्वतीजी महाराज
मोइनाबाद में गायत्री वेद फ़ाउण्डेशन द्वारा संचालित श्री गायत्री संस्कृत वेद विद्यालय में श्री गो सेवा सदन चल रहा है। सभी गौभक्तों का नवनीत गो सदन में हार्दिक स्वागत है। आज मार्गशीर्ष अमावस्या पर गौ सदन अवश्य पधारें एवं गौ माता की सेवा कर पुण्य के भागी बनें।
पं. पुरुषोत्तम लाला
पं. विशेष शर्मा



जय गौ माता
जय भारत माता
विश्व मंगल गौशाला
सस्नेह निमंत्रण
आदरणीय महोदय,
आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि विश्व मंगल गौशाला के तत्वावधान में
मार्गशीर्ष अमावस्या
रविवार, दि. 1 दिसम्बर 2024 प्रातः 11-00 बजे से 6-00 बजे तक
शुभ स्थान : विश्व मंगल गौशाला, सोमारम विलेज, मेडचल, हैदराबाद.
कार्यक्रम : गोमाता पूजा - भजन - भोजन प्रसादी
भोजन प्रसादी की व्यवस्था :
श्री हनुमानजी सुथार, सुचित्रा
श्री प्रकाशजी सुथार, सुचित्रा
श्री तेजारामजी माली, सुचित्रा
श्री अर्जुनजी माली, जगदीश मार्केट
भजन गायक :
श्री किस्तूर रामजी सुथार
श्री बाबुलालजी सुथार मियापुर
हरी घास की व्यवस्था के लाभार्थी :
विकास स्पेयर्स एण्ड टूल्स, रानीगंज
बालाजी पॉवर टूल्स, अलवाल
अतः आप से निवेदन है कि अधिक संख्या में पधार कर गौ-सेवा कर पुण्य के भागी बने।
-: निमंत्रक :-
विश्व मंगल गौशाला
सोमारम विलेज, मेडचल, हैदराबाद.
सभी धर्म प्रेमी गौभक्त अपना सहयोग एवं दान निम्न लिखित बैंक खाते में जमा करावें या निम्न सूचित फोन नंबरों पर गूगल-पे कर सकते है।
GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI
HDFC BANK, Kanajiguda Branch,
A/c No. 50200063938688 IFSC Code : HDFC0009429
संपर्क : 9346917593



गौ माता,गौ माता की संतान की सेवा और पोषण क्षेत्र में कार्य कर रहा
Dhyan Foundation
Journey of Spirit
ध्यान फाउण्डेशन
आज अमावस्या
गौशाला
पेद्दाशापुर, गोलुर रोड
(स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी के समीप)
अवैध कत्लखानों से बचाए गए 3000 से अधिक गौवंश का घर
ध्यान फाउण्डेशन द्वारा पेद्दाशापुर, गोलुर रोड गौशाला तथा यादगिरीगुट्टा में सहयोग नन्दीशाला में गौवंश की सेवा की जा रही है।
गौवंश हेतु गौशाला में चारे के विकट समस्या के कारण सभी से अनुरोध है कि कृपया गौशाला में सहयोग करें।
प्रति एकादशी सायं 4:30 बजे से इच्छापूर्ति यज्ञ का आयोजन
सभी गौभक्त अपना सहयोग एवं दान निम्नलिखित बैंक खाते में जमा करा सकते हैं।
Account Name : DHYAN FOUNDATION (Hyderabad Chapter)
A/c No. : 00812020002930 HDFC Bank, Himayathnagar Branch
IFSC Code : HDFC0000081 - Call : 9848046793, 9959996677
Donations Exempted Under Section 80G of Income Tax Act.
CSR Regn. No. CSR00003498 FCRA SB A/c. 40016350620
IFSC Code : SBIN0000691 SWIFT : SBININBB104





NAIMISHARANYA
Ayurveda Wellness Centre
Gurappa Hills, Jiyapally, Near Kesara
SHRIGURU AYUCARE Pharma Pvt. Ltd.
Multi Speciality Ayurvedic Hospital & Research Centre
Dr. Bukka Mahesh Babu M.D. (Ay.)
"Specialist in Spiral, Neuro & Joint Aliments"
HSR Peoples Paramount, City Library Road, Besides Tyagaraya Gana Sabha, Chikkadapally, Hyd.- 20
Flat No. 102, Lakshmi Nivas, Sai Priya Gardens Chandrampalem, Ravulapalem. Madhurawada, Visakhapatnam 530041. Ph: 91607 64425
Cell: 9885306096 Ph: 040 27618612
Email: bukkamahesh@gmail.com


## आयुर्वेदिक चिकित्सा से कमर दर्द गायब

**बीमारी का निवान**

उनके लक्षण सुनकर प्रत्यक्ष रूप से जाँच करने के बाद रीढ़ की हड्डी में दबाब के कारण सर्वांग वात रोग के रूप में पहचान की गई है। इसे आधुनिक चिकित्सा में कार्ड कंप्रेशन से आने वाले बवाड्री प्लीजियो के नाम से जाना जाता है। इसमें मधुमेह के भी जुड़ने से यह अस्ती धातु, ओजो धातु की अत्यधिया कमी होने से बात के रूप में बढ़ जाता है। इसके साथ उम्र भी बढ़ने से रोग का लक्षण अधिक हो गया है। एमआरआई रिपोर्ट देखने पर रीढ़ की हड्डी में सी3-सी4, सी4-सीड, सी5-सी6 के बीच जो डिस्क हैं, उनमें सूजन दिखाई देती है और रीढ़ की हड्डी पर आस्टियो फाइट्स बनने पर इस हड्डी के ऊपर दबाव पड़ता है।। वर्ष के बाद एमआरआई रिपोर्ट की जाँच में रीढ़ की हड्डी के सी-सीह के बीच दूरी घटने के कारण वह सिकुड़ गई. जिससे रीढ़ की हड्डी खोखली हो गई। इसी जगह लचीलापन भी समाप्त हो गया। कमर में डी, डी2, डीउ, डी5, सी, डी व डी9 का डीजनरेशन हो जाता है। उसी प्रकार एल-एल, एल-एलड का भी डीजनरेशन हो गया।




**चिकित्सा प्रणाली**

रोगी के लक्षण को देखने के पश्चात् रोग की तीव्रता डीज-नरेशन को कम करने के लिए एवं डिस्कों की शक्ति बढ़ाने के लिए, रीढ़ की हड्डी के खोकलेपन में रक्त का प्रसार बढ़ाने के लिए, वबाव कम करने के लिए, लिगमेंट्स में शक्ति बढ़ाने के लिए और मधुमेह पर काबू पाने के लिए चिकित्सा प्रणाली तैयार की गई। रोगी अत्यंत शक्तिशाली जड़ीबूटियों व नानो औषधि के विशेष प्रयोग कर 6 सप्ताह तक चिकित्सा दी गई। बिना किसी तेल मालिश, तेल स्नान व पंचकर्मा आदि का प्रयोग किए उक्त औषधि से ही संपूर्ण रोग चिकित्सा की गई।

**चिकित्सा परिणाम**

केवल दो सप्ताहों में ही पूरी कोशिश करके बैठाने पर भी न बैठने वाला व्यक्ति अपने आप कुर्सी पर बैठने, चाम का कप उठाने योग्य हो गया। झुकी गर्दन ठीक हो गई, बात करने में आराम मिला, नींद की गोली की आवश्यकता समाप्त हुई. कमर में भी पुनः शक्ति आ गई। चार सप्ताह की चिकित्सा के बाद वह वॉकर की सहायता से धीरे-धीरे घर में चलने लग गया। कमर दर्द व जलन ठीक हो गई। हाथों व पैरों का सुन्न होना ठीक हो गया, पैरों में पुनः शक्ति आने से वह ज़मीन पर ठीक से पैर रखने में समर्थ हो गया। मुधमेह पूर्व 180 था, जो अब 110 पर पहुँच गया है, भोजन के पश्चात् पूर्व में 300 था अब 180 पर आ गया।

**संपूर्ण स्वास्थ्य**

छह सप्ताह की चिकित्सा के पश्चात् उस व्यक्ति के संपूर्ण स्वास्थ्य में सुधार आ गया। अब पैरों में झनझनाहट नहीं रही, पैर चप्पल संभालने योग्य हो गए, मल-मूत्र पर भी संयम आ गया। अब वह स्पर्श भी महसूस कर रहा है। स्वयं के कार्य करने में समर्थ हो जाने से वह पुनः अपने रोज़मर्रा का कार्य करने लगा जीवन जीने की आशा छोड़ चुके व्यक्ति के जीवन में पुनः उमंग आ गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.